हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026




TICKBEE
PRESENTS
SUFI
x
TECHNO NIGHT
AT AMARA, RAIPUR
22ND
FEB 2026
6PM
ONWARDS
POWERED BY
PROJECT FULLPLATE
POWERED BY
ITSA HOSPITALS
छत्तीसगढ की सबसे बडी सूफी महफिल
बिस्मिल की महफिल
5 लोगों के परिवार के लिए फैमिली टिकट मात्र ₹2,999
AMARA
VENUE PARTNER
TICKETS ARE LIVE AT
book my show TICKBEE
स्कैन करें
और बुक करें।
प्रीमियम टेबल बुक करने के लिए दिए गए नंबर पर कॉल करें।
+91 91111-01444 +91 91111-01455 +91 91111-00155 +91 91111-01330
DESHKAR ADVERTISING PVT. LTD.
OUTDOOR MEDIA PARTNER
MAHESHWARI BRAND PROMOTION
PRINTING PARTNER
TICKBEE
OFFLINE TICKETING PARTNER
SPOON MEDIA MARKETING
MARKETING PARTNER
Adsnect By Abhay Publicity
DOOH PARTNER
Rahul Sadrani PHOTOGRAPHY 8962868336
PHOTOGRAPHY PARTNER
VAIBHAV EVENTS
SUPPORTING PARTNER
ITSA HOSPITALS
KNOW YOUR BODY, PROTECT YOUR HEALTH.
YOUR HEALTH MATTERS – GET HEALTH PACKAGES AT
₹499
1. CARDIOLOGY
2. GASTROENTEROLOGY
3. NEPHROLOGY
4. PEDIATRICS (CHILD / KIDS CARE)
5. PREVENTIVE HEALTH CHECKUP
SCAN TO BOOK AN APPOINTMENT
LIMITED TIME OFFER- SUBJECT TO T&C APPLY
+91-7880110000
INFO@ITSAHOSPITALS.COM
ITSA HOSPITALS, VIDHAN SABHA RD, NEAR AMBUJA CITY CENTRE MALL, SADDU, RAIPUR, CHHATTISGARH (492014)

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹114621/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹139990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹152813/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद-2026 आज धमतरी में

*धमतरी। छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत और भविष्य की प्राथमिकताओं पर व्यापक मंथन के लिए 20 फरवरी शुक्रवार को शाम 4 बजे से हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड धमतरी में जिला संवाद 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम देश के प्रतिष्ठित मीडिया समूह हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे, जो विभिन्न सत्रों में प्रदेश और जिले के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा को दिशा देंगे। बढ़ते भारत की आवाज की थीम पर आयोजित इस संवाद में सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों, योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशासनिक चुनौतियों और विकास के रोडमैप पर गहन चर्चा होगी। पहले सत्र में प्रीतेश गांधी प्रदेश सहकार्यालय मंत्री भाजपा, नीशु चंद्राकर (पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष), दीपक ठाकुर (समाजसेवी धमतरी), रोमी सावलानी (गंगरेल ग्रीन बिल्डर) शामिल होंगे। दूसरे सत्र में अबिनाश मिश्रा (कलेक्टर धमतरी), सूरज सिंह परिहार (एसपी धमतरी) होंगे। तीसरे सत्र में श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू (पूर्व विधायक, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा), प्रकाश बैस (भाजपा जिलाध्यक्ष), मोहन लालवानी (पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस), श्रीमती कविता योगेश बाबर (जिला पंचायत सदस्य धमतरी) मौजूद रहेंगे। चौथे सत्र में अजय चंद्राकर* ▶▶| शेष पेज 4 पर

# लौट रही बस्तर की खुशहाली, 31 को नक्सलवाद खत्म, उगेगा नया सूरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

शहर के लालबाग स्थित शौर्य भवन में गुरूवार को आईएनएच और हरिभूमि के जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के द्वारा पूछे गए सवाल-जवाब कार्यक्रम में वनमंत्री केदार कश्यप और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि अगले महीने की 31 तारीख को नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। उसके बाद विकास का नया सूरज बस्तर में उगेगा। छत्तीसगढ़ हमने बनाया और यहां की दशकों पुरानी समस्या का समाधान भी हमारी केंद्र और राज्य में बैठी सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने नासूर बने नक्सल समस्या को समूल नाश करने का ऐलान किया है। इसके लिए दोनों सरकारें और फील्ड में तैनात सुरक्षाबल लगातार काम करते हुए इस संकल्प को पूरा करने में जुटी हुई है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## मंत्री केदार कश्यप और भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी का संवाद

### जहां अशांति और आतंक के कारण विकास ठप था, वहां अब खुशहाली आ रही

दो साल के कार्यकाल के बाद कितना आगे टिके रहेंगे, इस सवाल के जवाब में केदार कश्यप ने कहा नक्सलवाद के दर्द से छुटकारा का अवसर अब मिला है। सपने में भी नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी साकार होगा। लेकिन अमित शाह के संकल्प को हमारे मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 4 पर



### गंगाजाल हाथ में लेकर कहना और भूल जाना, इसलिए कांग्रेस आज सत्ता से बाहर है

5 साल सत्ता में रहने के बाद कांग्रेस के आउट होने के सवाल पर कहा कि कई घोटाले और 36 वायदों को पूरा नहीं करना, गंगाजाल हाथ में लेकर कहना और भूल जाना, इसलिए कांग्रेस आज सत्ता से बाहर है। विधानसभा सत्र में भाजपा के ही कुछ विधायकों के विपक्ष की भूमिका पर कहा कि मुखरता से बात कहना कोई विरोध वाली बात नहीं है। सबको अपने क्षेत्र की समस्या रखने का अवसर मिलता है, इसलिए उनके शब्द मुखरित हो जाते हैं इसलिए ऐसा लगता है। एक तीखे सवाल के जवाब में कहा कि जनता के बीच जाने पर सटीक उत्तर मिलेगा। विकास कार्य को लेकर कोई समझौता नहीं करता। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन में जुटे कई देशों के राष्ट्रपति-पीएम

# एआई... भय नहीं, भाग्य और भविष्य
# अंबानी करेंगे 10 लाख करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दुनियाभर के राष्ट्रप्रमुखों और कई कंपनियों के सीईओ को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एआई मानव इतिहास का एक ट्रांसफॉर्मेशन है। हम आज जो देख रहे हैं, जो भविष्यवाणी कर रहे हैं, ये सब इसके प्रभाव की सिर्फ शुरुआत है। इस बीच, उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अगले सात वर्ष में एआई में 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की पहुंच सभी तक सुनिश्चित किए जाने की वकालत करते हुए 'मानव विजन' का अनावरण किया, जिसके तहत संप्रभुता और समावेशिता पर विशेष जोर देते हुए तेजी से उभरती इस प्रौद्योगिकी के उपयोग एवं मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की परिकल्पना की गई है। प्रधानमंत्री ने यहां 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत का मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता दुनिया की भलाई के लिए वास्तव में तभी काम आएगी जब इसे साझा किया जाएगा और इसके कोड सार्वजनिक होंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि देश एआई से डरता नहीं है बल्कि इसमें भविष्य की संभावनाएं देखता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी का कल्याण और खुशहाली एआई के लिए 'हमारा मापदंड' है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मनुष्य महज 'डेटा' बिंदु या कच्चा माल न बनकर रह जाएं। मोदी ने कहा, 'मैं एआई के लिए 'मानव' (एमएएनएवी) दृष्टिकोण प्रस्तुत करता हूं जिसमें 'एम' का अर्थ 'मोरल एंड इथिकल ▶▶| शेष पेज4 पर

### भारत-फ्रांस मिलकर तैयार करेंगे ढांचा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एक ढांचा तैयार करने पर काम करेंगे, जिसमें नवाचार को जिम्मेदारी के साथ और प्रौद्योगिकी को मानवता के साथ जोड़ा जाएगा। मैक्रों ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच सभी डिजिटल उपकरणों को समावेशी दृष्टिकोण की तरफ निर्देशित करने की आवश्यकता ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एमएएनएवी विजन

- एम- मोरल एंड एथिकल गाइडलेंस
- ए- अकाउंटेबल गवर्नेंस
- एन- नेशनल सोवरनिटी
- ए- एक्सेसिबल एंड इंक्लूसिव
- वी- वैलिडिटी एंड लेजिटीमेट

### प्रधानमंत्री ने एआई के लिए 'मानव विजन' का किया अनावरण




### उद्योगपतियों के ऐसे-ऐसे वादे

#### बनाएंगे सस्ता-सुलभ एआई

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने वादा किया कि वह एआई को भारत में उसी तरह सस्ता एवं सुलभ बनाएंगे जैसे मोबाइल व इंटरनेट डेटा को बनाया था। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 में अंबानी ने कहा कि यह पहल हर नागरिक, व्यवसाय और सरकारी सेवा को एआई से जोड़ेगी, जो जियो की डिजिटल क्रांति के परिवर्तनकारी पैमाने को दर्शाती है। सात वर्ष में कुल 10 लाख करोड़ रुपये का यह निवेश तीन मुख्य ▶▶| शेष पेज 4पर

#### विशाखापत्तनम में एआई हब

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत में 15 बिलियन डॉलर (लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए) के निवेश को दोहराते हुए विशाखापत्तनम में एक बड़ा एआई हब बनाने का एलान किया। पिचाई ने कहा, यह हब न केवल रोजगार लाएगा, बल्कि समुद्र के नीचे बिछने वाली केबल के जरिए भारत और अमेरिका के बीच कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। उन्होंने जोर दिया कि एआई विज्ञान की सबसे कठिन समस्याओं को सुलझाने में मदद करेगा।

### छत्तीसगढ़ का स्टॉल आकर्षण केंद्र



भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में "छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाय इंटेलिजेंस" थीम पर आधारित स्टॉल में राज्य की उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमता, अत्याधुनिक डिजिटल अधोसंरचना और निवेश संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। स्टॉल में डिजिटल प्रस्तुति, सूचना पैनल और इंटरैक्टिव माध्यमों के जरिए छत्तीसगढ़ को उभरते टेक्नोलॉजी हब के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे निवेशकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दोनों के पैर में गोली मारकर यूपी पुलिस ने पकड़ा

## छग से साढ़े तीन किलो सोना लूटकर भागे शातिरों का शार्ट एनकाउंटर

- व्यापारी से जेवर, नकद लूट का मामला
- दिल्ली के शातिर लुटेरों सहित पांच गिरफ्तार, तीन कार, एक बाइक जब्त
- 3 किलो 768 ग्राम सोना, 1 लाख 46 हजार रुपए, 1 देशी पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस, 1 खाली खोखा, 2 देशी कट्टे, 315 बोर का 2 जिंदा कारतूस जब्त
- अम्बिकापुर से स्कार्पियो बदलकर आई 20 से भाग रहे थे दिल्ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

यूपी मिर्जापुर एसटीएफ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान राजकिशोर नगर निवासी सराफा व्यापारी से जेवर व नकद लूटकर कार से भाग रहे दो लुटेरों को पकड़ लिया। वहीं दो अन्य शातिर लुटेरे अन्य जेवर लेकर भागने में कामयाब हो गए। दोनों के लखनिया दर्री जंगल में छिपने की सूचना पर पुलिस जंगल में गई तो वे पुलिस पर फायरिंग करने लगे। मुठभेड़ में पुलिस ने शॉर्ट एन्काउंटर करते हुए दोनों के पैर में गोली मारकर उन्हें पकड़ लिया और जेवर भी बरामद कर लिया। चारों आरोपियों से 3 किलो 768 ग्राम सोना,1 लाख 46 हजार नकद, 1 देशी पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस, 1 खाली खोखा, 2 देशी कट्टे, 315 बोर के 2 जिंदा कारतूस जब्त किया गया। वहीं उनका एक साथी स्कार्पियो सहित बिलासपुर में पकड़ा गया है। आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि 17 फरवरी की रात 9.15 बजे बसंत विहार चौक स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक संतोष तिवारी अपनी कार से घर राजकिशोर नगर जा रहे थे। टेलीफोन एक्सचेंज के आगे कार सवार लुटेरों ने पिस्टल की बट व हथौड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी कार, जेवर व नकद लूटकर भाग गए थे। देर रात श्री तिवारी की कार परसाही नहर के पास मिली थी।

इसी दौरान फुटेज से जानकारी हो गई कि लुटेरे सफेद रंग की स्कार्पियो से भाग रहे हैं। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई किशोर केंवट, सरफराज खान, आशीष राठौर एवं अन्य लुटेरों का पीछा करने लगे। लुटेरों के सोनभद्र होते हुए यूपी की ओर भागने की पुख्ता जानकारी होने पर पुलिस के उच्च अधिकारियों ने यूपी मिर्जापुर पुलिस को लुटेरों को ▶▶| शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप

#### कार नहर में गिरी, तीन भाइयों समेत चार की मौत

**मथुरा।** मथुरा जिले के मोगर्रा इलाके में एक अनियंत्रित कार के नहर में गिर जाने से उसमें सवार तीन भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान महावन थाना क्षेत्र के बल्देवगढ़ निवासी राहुल (23) और उसके चचेरे भाई अमित (23) और मोहित (21) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ।

#### पुलिस का दावा, बिहार 'नक्सल मुक्त'

**पटना।** बिहार पुलिस ने दावा किया है कि तीन लाख रुपये के इनामी शीर्ष माओवादी सुरेश कोड़ा उर्फ मुस्तकीम के आत्मसमर्पण के साथ राज्य 'नक्सल मुक्त' हो गया है। कोड़ा पर कम से कम 60 मामले दर्ज थे, जिनमें से कई गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए थे। कोड़ा ने तीन असॉल्ट राइफल के साथ आत्मसमर्पण कर दिया।

#### तीन विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कम से कम तीन विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी गुरुवार सुबह ईमेल के जरिए दी गई, जिसके बाद आपातकालीन एजेंसियों ने तुरंत विद्यालयों को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया। द्वारका स्थित सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल और सेंट थॉमस स्कूल तथा पश्चिम एन्क्लेव स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल को धमकी मिली।

## सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी से 133वीं मौत, एम्स में थम गईं प्रेमजय की सांसें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि सरोकार

पेरिटोनियल डायलिसिस करवा रहे सुपेबेडा के किडनी रोगी का इलाज के दौरान रायपुर के एम्स अस्पताल में मौत हो गई। पेट में लगे डायलासिस फिस्तुला पुराना होने से 20 दिनों से ब्लॉक हो गया था। 2005 से गांव में 133 वां किडनी रोगी की मौत हो गई है।

देवभोग ब्लॉक के सुपेबेड़ा निवासी 49 वर्षीय प्रेमजय क्षेत्रपाल एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पिछले पांच साल से रोजाना इनका पेरिटोनियल पद्धति से घर पर ही डायलिसिस हो रहा था। 20 दिन पहले पेट में लगे पुस्तुला ब्लॉक हो गया, जिससे रोजाना तीन बार होने वाला डायलिसिस रुक गया था। परिजनों ने सप्ताह भर पहले उसे एम्स में भर्ती किया। जहां डॉक्टरों ने डायलिसिस शुरू करने हाथ में पिस्तुला लगाने की कोशिश कर रहे थे। पीड़ित के सहमति नहीं होने के कारण यह प्रकिया रुक गई थी।

प्रेमजय के माता- पिता और एक भाई के अलावा परिवार के 8 से ज्यादा लोग किडनी के बीमारी से दम तोड़ चुके है, स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ प्रकाश साहू ने मौत की पुष्टि की है।

### गांव में अभी 40 से ज्यादा मरीज शिविर लगाना बंद

*गांव में अभी भी 40 से ज्यादा किडनी रोगी है। इनमें से तीन का इलाज रायपुर के एम्स अस्पताल में चल रहा है। पंचायत में दर्ज बीमार मृतक के आंकड़े 2005 से अब तक 133 हो चुका है, जबकि सरकारी आंकड़े में इसे 70 से 80 बताया जाता है। अभी भी गांव में 40 से ज्यादा पीड़ित मौजूद हैं, जिनमें से आधा से ज्यादा लोग अन्य राज्यों से इलाज करवा रहे हैं।*

*बीमार का डर ऐसा कि अब लोग खून की जांच कराना बंद कर दिए हैं। पिछले 2 साल से गांव में किसी भी विशेषज्ञ की टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग ने शिविर नहीं लगाया है।*

### सुविधा आधी-अधूरी, पूरा होने का इंतजार

*गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंजूर है पर भवन अब तक नहीं बना है। गांव के लिए आए डायलिसिस मशीन इंस्टॉल नहीं किया जा सका। दो डॉक्टरों में से अब एक ही है। पर नेप्रो को सुविधा नहीं है। साफ पानी देने की योजना भी अधर में लटका हुआ है।*

### रायपुर से घर लौट रहा था परिवार

## ट्रक ने मां और बेटी को कुचला, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-3 थाना अंतर्गत नगर फोरलेन पर सिरसा गेट चौक के पास गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। ट्रक की चपेट में आने से मां -बेटी की मौत हो गई। पद्मनाभपुर दुर्ग निवासी राकेश दुबे अपनी पत्नी आरती (35) और दो साल की बेटी सोना के साथ बाइक से रायपुर से लौट ▶▶| शेष पेज 4 पर



### कार चालक की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने बताया कि राकेश दुबे अपने परिवार के साथ किसी काम से रायपुर गया हुआ था। वह दुर्ग स्थित पद्मनाभपुर अपने घर लौट रहा था, तभी सिरसा गेट चौक के पास यह घटना हुई। पुलिस कार और उसके चालक की तलाश कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। राकेश दुबे नगर निगम दुबे में कैंटीन चलाता है।

### एसीबी की ट्रैप कार्रवाई से विभाग में मचा हड़कंप

## जनपद के एसडीओ 25 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- राजस्व संबंधी प्रकरण के लिए मांगी थी एक लाख की रिश्वत

बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने जनपद पंचायत पलारी में पदस्थ उप संभागीय अधिकारी गोपाल कृष्ण शर्मा को 25 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से विभागीय अमले में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार एक आवेदक का राजस्व संबंधी प्रकरण एसडीओ कार्यालय में लंबित था। आरोप है कि प्रकरण के निराकरण के एवज में एसडीओ द्वारा एक लाख की रिश्वत की मांग की गई थी। परेशान आवेदक ने मामले की शिकायत एसीबी से की। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध ढंग से ट्रैप कार्रवाई की। शुक्रवार को आवेदक द्वारा 25 हजार की पहली किश्त दिए जाने के दौरान एसीबी ▶▶| शेष पेज 4 पर




### तलाश के बाद की जा रही पूछताछ

*एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के कार्यालय एवं निवास स्थान की तलाशी ली जा रही है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद जनपद पंचायत परिसर में हलचल का माहौल रहा।*

### ईरान संकट गहराने से शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 1,236 अंक लुढ़का

# पलक झपकते ही निवेशकों के डूबे 7.5 लाख करोड़!

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से उपजी चिंताओं के बीच गुरुवार को चौतरफा बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,236 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 365 अंक लुढ़ककर 25,500 अंक से नीचे आ गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 464.46 लाख करोड़ रुपए रह गया। पिछले कारोबारी दिन यह 472.01 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह एक ही दिन में निवेशकों की संपत्ति करीब 7.57 लाख करोड़ रुपए घट गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स तीन सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगाते हुए 1,236.11 अंक यानी 1.48 प्रतिशत टूटकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,470.05 अंक फिसलकर 82,264.20 अंक पर आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी ▶▶| शेष पेज 4 पर



### अमेरिका और ईरान के बीच तनाव

मार्केट एनालिस्ट्स के मुताबिक शेयर बाजार में आज की गिरावट के पीछे भू-राजनीतिक तनाव बड़ा कारण है। अमेरिका की ओर से ईरान पर संभावित कार्रवाई की खबरों ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है। मिडिल ईस्ट, पूरी दुनिया के लिए क्रूड ऑयल सप्लाई का बड़ा केंद्र है। खासकर स्ट्रेट ऑफ हॉरमुज कच्चे तेल के निर्यात का अहम मार्ग है।

### कच्चे तेल की कीमतों में तेजी

क्रूड ऑयल के दाम में उछाल ने भी शेयर बाजार के सेंटीमेंट पर असर डाला है। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित तनाव की आशंका से सप्लाई बाधित होने की चिंता बढ़ी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना रहा। पिछले कारोबारी सत्र में इसमें 4% से अधिक की तेजी आई थी। अमेरिकी क्रूड भी 65 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा था।

### बैंकिंग शेयरों में गिरावट

बैंक शेयरों में आज करीब 1% की गिरावट देखने को मिली। कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर 1% से 1.8% तक गिर गए, जिससे ये सबसे ज्यादा नुकसान वाले शेयर रहे। बैंक निफ्टी दोपहर के कारोबार में करीब 61,000 के स्तर के आसपास ट्रेड कर रहा था। फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में भी गिरावट रही। श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और **SBI** लाइफ इंश्योरेंस के शेयर भी करीब 1% से 2% तक नीचे आए।

## चिंतन

# सिर्फ जरूरतमंदों को ही मिले सरकारी मदद

देश में बढ़ते "फ्रीबीज कल्चर" पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए राज्य सरकारों को स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में गरीब और वंचित तबकों तक ही सीमित होना चाहिए। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी भले नई न हो, लेकिन इसके निहितार्थ बेहद गंभीर हैं। जब कल्याणकारी योजनाएं राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का औजार बन जाएं और आर्थिक विवेक पीछे छुट जाए, तब राज्य के विकास पर दीर्घकालिक असर पड़ना तय है। अदालत ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमें आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रश्न यह नहीं है कि गरीबों की मदद की जाए या नहीं, निस्संदेह की जानी चाहिए। प्रश्न यह है कि क्या बिना किसी भेद के, भुगतान करने में सक्षम लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना न्यायसंगत और आर्थिक रूप से टिकाऊ है? कल्याण और तुष्टीकरण के बीच की रेखा बहुत पतली होती है और उसे पहचानना सरकारों की जिम्मेदारी है। भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं। अधिकांश राज्य पहले से ही राजस्व घाटे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि सरकारों का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और मुफ्त राशन/बिजली जैसी योजनाओं पर ही खर्च हो जाए, तो बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन जैसी प्राथमिकताएं पीछे छूट जाती हैं। अदालत की यह चिंता वाजिब है कि विकास परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जबकि चुनावी मौसम में नई-नई घोषणाएं हो जाती हैं। अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को दांव पर लगाना दूरदर्शिता नहीं कहा जा सकता। लोकलुभावन वादों का आकर्षण हर लोकतंत्र में रहता है। चुनाव के आसपास मुफ्त योजनाओं की बाढ़ आना भी कोई अनोखी बात नहीं, लेकिन क्या यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है? यदि नागरिकों को यह संदेश जाए कि राज्य हर जरूरत खाना, बिजली, गैस बिना शर्त उपलब्ध कराएगा तो काम और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा पर भी असर पड़ सकता है। आत्मसम्मान और स्वावलंबन किसी भी समाज की बुनियाद होते हैं। सरकार का दायित्व अवसर पैदा करना है। रोजगार, कौशल विकास, उद्यम के लिए अनुकूल माहौल बनाना, न कि स्थायी निर्भरता की संस्कृति विकसित करना। यह भी सच है कि भारत में अभी भी बड़ी आबादी ऐसी है जो बिजली का बिल, रसोई गैस या जरूरी राशन का खर्च वहन करने में असमर्थ है। उनके लिए लक्षित और पारदर्शी सहायता अनिवार्य है। तकनीक और डेटा के इस युग में आय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जरूरत के आधार पर लाभार्थियों की पहचान करना संभव है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और आधार-लिंक्ड प्रणालियों ने यह क्षमता बढ़ाई है कि सहायता सही हाथों तक पहुंचे। ऐसे में सभी को मुफ्त की नीति प्रशासनिक सुविधा का बहाना तो हो सकती है, आर्थिक विवेक का नहीं। समस्या यह है कि एक बार मुफ्त योजना शुरू हो जाए तो उसे वापस लेना राजनीतिक रूप से बेहद कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप राजकोषीय बोझ बढ़ता जाता है और भविष्य की पीढ़ियों पर कर्ज का दबाव बढ़ता है। संतुलन ही समाधान है, न कठोर कटौती, न असीमित उदारता। सरकारों को लोकप्रियता से अधिक प्राथमिकता वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास को देनी होगी। तभी सरकारी मदद वास्तव में उन तक पहुंचेगी, जिन्हें उसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## विचार
सोनमणि बोरा



# माटीपुत्र पं. श्यामलाल चतुर्वेदी

पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी पर कुछ कहना या लिखना अपनी माटी के प्रति एक ऋण के उतारने जैसा है। माटीपुत्र का अलंकरण ऐसे संत पुरुषों को शोभा देता है। उन्हें जब भी देखा, मन, वचन और कर्म से छत्तीसगढ़ की सेवा करते हुए पाया। एक पत्रकार के रूप में, एक साहित्यकार के रूप में, एक समाजसेवी चिंतक के रूप में पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी का नाम अविस्मरणीय है। बात तब की है, जब मैं बिलासपुर में प्रशासन की जिम्मेदारी संभाले हुए था। जाहिर तौर पर जब कलेक्टर था, जब जिले को आगे ले जाने वाली नीतियों को लागू कराने के लिए रोज़ाना सैकड़ों लोगों से मिलना होता था। पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी भी आते थे। एक साधारण से कदकाठी के व्यक्ति, हाथ में झोला लिए हुए, खादी और धोती कुर्ता पहने हुए चलते-फिरते ज्ञान और दूरदृष्टि का भंडार थे। उनसे जब भेंट होती, कुछ न कुछ कहानियां, कुछ न कुछ रोचक बातें होतीं। वे सुनाया करते। एक पत्रकार के तौर पर उनके पास सुनाने के लिए छत्तीसगढ़ के सृजन की कई कहानियां थीं। कई बार वे बताते कि अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बिलासपुर आते, तो कैसे उन्हें वे और उनके साथी पत्रकार घेर लिया करते। बिलासपुर की जायज मांगों को कैसे पूरा करवाते। उनकी इस चर्चा में, उनके इस चिंतन में, उनके इन प्रश्नों में बिलासपुर के विकास का प्रश्न हमेशा रहता और फिर वे हमें सुझाव देते कि आपको नीतिगत फैसलों के क्रियान्वयन के लिए क्या करना चाहिए।



साहित्यकार और वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी राष्ट्रपति भवन हुए समारोह में जब पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किया गया था, तो मुझे उनके साथ बिताए पल याद आ रहे थे। जब उन्हें राजभाषा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया, तब एक मुलाकात हुई थी। वे राजभाषा आयोग के पहले अध्यक्ष थे। भेंट बिलासपुर में ही हुई थी, मैं किसी काम से गया हुआ था बिलासपुर। उन्होंने कहा- "बड़ी जिम्मेदारी मिली है। बहुत कुछ करना है। पता नहीं मैं कर पाऊंगा या नहीं। आप सबका साथ अविरल मिलता रहे, यही कामना है।" हम लोगों ने कहा कि हम तो हमेशा साथ हैं। उनके पुत्र चंद्रकांत और सूर्यकांत दोनों ने उनकी जो सेवा की है, वो अनुकरणीय है। ये उनके पारिवारिक संस्कारों का परिणाम है कि पुत्रधर्म के लिए कई-कई दिनों तक अपनी दिनचर्या का दोनों पुत्रों ने त्याग किया।

पं. श्यामलाल चतुर्वेदी का जन्म 1926 में बिलासपुर जिले के कोटमी गांव में हुआ था। मैंने सुना था कि उनकी कहानी संग्रह भोलवा भोलाराम काफ़ी चर्चित और लोकप्रिय थी। एक बार उसे सुनने का अवसर मिला था। वे छत्तीसगढ़ी के गीतकार भी रहे। उनकी रचनाओं में 'बेटी के बिदा' प्रसिद्ध है। उन्हें 'बेटी के बिदा' के कवि के रूप में लोग पहचानते हैं। बताया जाता है बचपन में मां के कारण उनका रुझान लेखन में हुआ। उनकी मां ने उन्हें सुन्दरलाल शर्मा की 'दानलीला' रटा दी थी।

उन्होंने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी मूल्यवान सेवाएं दी। वे मूलरूप से तत्कालीन अविभाजित बिलासपुर जिले के ग्राम कोटमी सोनार (वर्तमान में जिला जांजगीर-चांपा) के निवासी रहे, लेकिन साहित्यकार और पत्रकार के रूप में बिलासपुर उनकी कर्मभूमि रही। 1940-41 से पं. श्यामलाल चतुर्वेदी ने लेखन आरंभ किया। शुरूआत हिन्दी में की लेकिन 'विप्र' जी की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ी में लेखन शुरू किया। चतुर्वेदी शिक्षक भी थे। श्यामलाल चतुर्वेदी करीब 75 वर्षों तक साहित्य साधना के जरिए हिंदी और छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध बनाने की कोशिश करते रहे।

पं. श्यामलाल चतुर्वेदी का जीवन दर्शन सहजता और सरलता सिखाता है। उनका जीवन दर्शन बताता है कि जो व्यक्ति ज्ञान में बड़ा होता है, वो कितना सहज और सरल होता है। उनके लेखन, चिंतन और समग्र दर्शन पर जो कुछ भी समेटने का प्रयास किया जा रहा है, वो प्रशंसनीय है। ये समाज को आने वाले समय में दिशा देगा, ऐसा मेरा मानना है।

*-लेखक आदिम जाति-अनुसूचित जाति विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत हैं।*



## कूटनीति
अरविंद जयतिलक

# सामरिक संबंधों को धार देते भारत-फ्रांस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई है।

एच-125 इतिहास का एकमात्र हेलीकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है। ध्यान देना होगा कि 'मेड इन इंडिया' एच-125 हेलीकॉप्टर मात्र सिविल हेलीकॉप्टर नहीं है, बल्कि यह भारतीय सेनाओं की जरूरतें भी पूरी करेगा। इससे भारत की सामरिक रक्षा पंक्ति मजबूत होगी। इसके अलावा फ्रांस की साफरान और भारत की 'भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड' मिलकर भारत में ही हैमर मिसाइल बनाएंगे। गौर करें तो दोनों देशों के बीच राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक रक्षा सहयोग का लगातार विस्तार हो रहा है। अभी गत वर्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा हुई थी, तब दोनों देशों के बीच डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी को नई धार देने के निमित्त एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया। तब दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एकदूसरे को सहयोग करने का भरोसा दिया। मैक्रो की भारत यात्रा ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक-दूसरे का स्वर बनने को तैयार हैं। विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों की सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। गत वर्ष पहले ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। याद होगा कि गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया था कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान, सभी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है



कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितने मधुर संबंध हैं इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था, तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। 2018 के बाद से फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है।

दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। विगत 25 वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। भारत में 1000 से अधिक फ्रांस की कंपनियां काम कर रही हैं और सभी कंपनियों का संयुक्त टर्नओवर तकरीबन 30 अरब डॉलर से अधिक है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं।

फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एक-दूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था। भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका कोई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। इसके अलावा 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोली। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक था। वह आज भी अपने पुराने रुख पर कायम है। दरअसल, दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। 1973 में फ्रांस के तत्कालीन अर्थव्यवस्था एवं वित्तमंत्री वेलेरी जिसकार्ड जो बाद में फ्रांस के राष्ट्रपति भी बने, की पहल पर 'भारत-फ्रांस अध्ययन समूह' की स्थापना हुई।


इस समूह की पहली बैठक फरवरी 1974 में फ्रांस में हुई तथा दूसरी बैठक मार्च 1975 में नई दिल्ली में हुई। इस समूह की सलाह पर दोनों देशों के मध्य समुद्री तेल उत्खनन, शक्ति उत्पादन व वितरण, कोयला उत्खनन व प्रयोग तथा तीसरे देश में संयुक्त उद्यम स्थापित करने संबंधित कई अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है।

# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
## दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित
## प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## शिव जयंती



इंदौर में गुरुवार को शिवाजी महाराज की 'शिव जयंती' पर छत्रपति शिवाजी महाराज के वेश में एक बालक।

## आज की पाती

### मोटापा सेहत का दुश्मन

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है। *- ललित वाधवानी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### एआई -सक्षम शासन




नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में राजस्थान के हमारे स्टार्टअप्स और डेटा-संचालित गवर्नेंस मॉडल को वैश्विक मंच मिल रहा है। दिग्गज कंपनियों के साथ हमारी टीम की चर्चा राज्य में एआई -सक्षम शासन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की नई राहें खोलेगी।
**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### नौकरियों में पारदर्शिता



अगले कार्यकाल में हमारी सरकार केवल शिक्षा विभाग में ही 50,000+ युवाओं की नियुक्ति करेगी। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और गति का जो बड़ा बदलाव आया है, वह आगे भी जारी रहेगा।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### सांस्कृतिक असंवेदनशीलता



हमारे प्रधानमंत्री ने बंगाल की महान हस्तियों के प्रति अपनी सांस्कृतिक असंवेदनशीलता का प्रदर्शन किया है। आज श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव का सम्मान करते हुए उनके नाम के आगे अभूतपूर्व और अनुचित उपसर्ग "स्वामी" जोड़ दिया!
**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### किसान हितों की अनदेखी



अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत के कृषि क्षेत्र और ऊर्जा सुरक्षा/ रणनीतिक स्वतंत्रता से संबंधित व्यापार को शामिल करना साफ दर्शाता है कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर अपने घुटने टेक दिए हैं। इसमें किसानों के दूरगामी हितों की अनदेखी की गई है।
**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

## करंट अफेयर

# सूडान की तबाही में 'नरसंहार के स्पष्ट संकेत' दिखे : संरा



संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर के एक शहर और उसके आसपास के इलाकों में गैर-अरब समुदायों के खिलाफ सूडानी विद्रोहियों द्वारा अक्टूबर में चलाए गए अभियान में नरसंहार के संकेत दिखाई देते हैं। यह देश में जारी विनाशकारी युद्ध को लेकर एक चौंकाने वाला निष्कर्ष है। सूडान पर एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी मिशन की रिपोर्ट के अनुसार, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने अल-फशेर में 18 महीने की घेराबंदी के बाद बड़े पैमाने पर हत्याएं और अन्य अत्याचार किए। इसके अनुसार, इस दौरान रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने गैर-अरब समुदायों, विशेष रूप से जघावा और फुर समुदायों को नुकसान पहुंचाने के लिए सोची-समझी शर्तें लागू कीं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का कहना है कि दारफुर में सूडानी सेना के एकमात्र बचे गढ़ अल-फशेर पर आरएसएफ के कब्जे के दौरान कई हजार नागरिक मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि शहर के 260,000 निवासियों में से केवल 40 प्रतिशत ही हमले से बचकर निकलने में कामयाब रहे। उनमें से हजारों घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बाकी बचे लोगों का क्या हुआ, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## ऑफ बीट

# एआई का इस्तेमाल कब न करें, यह जानना भी जरूरी




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण में आमतौर पर इस बात पर जोर दिया जाता है कि बेहतर परिणाम कैसे हासिल किए जाएं—बेहतर प्रॉम्प्ट कैसे लिखें, प्रश्न को कैसे परिष्कृत करें और सामग्री को अधिक तेजी से कैसे तैयार करें। इस दृष्टिकोण के संदर्भ में एआई को केवल उत्पादकता बढ़ाने वाले औजार के रूप में देखा जाता है और सफलता को गति से मापा जाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोच अधूरी है। आलोचनात्मक एआई साक्षरता अलग प्रश्न उठाती है। इसमें मैं इसका उपयोग कैसे करूं? के बजाय क्या मुझे इसका उपयोग करना भी चाहिए? और इसे तेज कैसे बनाऊं? के बजाय इस प्रक्रिया में मैं क्या खो रहा हूं? के बारे में जानना बेहद जरूरी है। एआई प्रणालियां उन पूर्वाग्रहों को साथ लेकर चलती हैं, जिन्हें अधिकतर उपयोगकर्ता देख नहीं पाते। वर्ष 2025 में 'ब्रिटिश न्यूज़पेपर आर्काइव' पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि डिजिटल व्यवस्था वाले विक्टोरियनकालीन अखबार वास्तव में प्रकाशित सामग्री के 20 प्रतिशत से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपलब्ध नमूना राजनीतिक प्रकाशनों की ओर झुकाव रखता है और स्वतंत्र आवाज़ों को कम दर्शाता है। ऐसे में यदि कोई शोधकर्ता इसी आधार पर विक्टोरियन समाज के बारे में निष्कर्ष निकाले, तो वह अभिलेखागार में निहित विकृतियों को दोहरा सकता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# माशिम की बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं का पहला पर्चा आज

# रायपुर में सर्वाधिक, नारायणपुर में सबसे कम विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत आज से होने जा रही है। बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं, जबकि दसवीं कक्षा की परीक्षाओं की शुरुआत 21 फरवरी से होगी। बारहवीं कक्षा के छात्र आज भूगोल व भौतिक शास्त्र का पर्चा हल करेंगे, जबकि दसवीं के विद्यार्थी कल हिंदी का प्रश्नपत्र हल करेंगे। प्रदेश में 2514 परीक्षा केंद्र बनाए ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 10 टीम गठित

राजधानी में जिला प्रशासन संग मिलकर उड़नदस्ते की 10 टीम गठित की गई है। इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एसडीएम भी शामिल रहेंगे। छात्र तनाव ना लें, परीक्षा को उत्सव रुप में देखें।
- हिमांशु भारतीय, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर



### मिलेगा दूसरा मौका

*माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पहली बार फरवरी माह से बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत की जा रही है। अब तक मार्च के प्रथम सप्ताह से परीक्षाएं प्रारंभ किए जाने का रिवाज रहा है। यह बदलाव वर्ष में दो बार होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के कारण किया गया है। जो छात्र फरवरी-मार्च में आयोजित हो रही बोर्ड परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं अथवा अपने* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कक्षा-दसवीं

*नारायणपुर: 1,547, सुकमा: 2,047, बीजापुर: 2,453, दंतेवाड़ा: 2,526, कोरिया: 2,701, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी: 3,467, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही: 3,740, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी: 4,833, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई: 5,541, गरियाबंद: 7,408, कोंडागांव: 7,466, सारंगढ़-बिलाईगढ़: 7,897, कांकेर: 8,971, बस्तर: 9,001, सक्ति: 9,090, बलरामपुर: 9,325, सरगुजा: 9,731, सूरजपुर: 10,167, बालोद: 10,551, धमतरी: 10,683, जशपुर: 11,036, मुंगेली: 11,194, राजनांदगांव: 11,532, कबीरधाम: 12,168, बेमेतरा: 12,169, रायगढ़: 12,237, कोरबा: 12,686, महासमुंद: 12,851, जांजगीर-चांपा: 13,540, बलौदाबाजार: 16,230, दुर्ग: 16,738, बिलासपुर: 22,435, रायपुर: 27,528।*

### कक्षा-बारहवीं

*नारायणपुर: 1,368, सुकमा: 1,434, बीजापुर: 1,721, दंतेवाड़ा: 1,912, कोरिया: 2,315, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही: 2,754, मोहला-मानपुर-अंबागढ़: 3,063, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी: 3,413, खैरागढ़-छुईखदान: 4,059, गरियाबंद: 5,505, कोंडागांव: 5,655, सारंगढ़-बिलाईगढ़: 6,035, सक्ति: 6,934, बलरामपुर: 6,948, बस्तर: 7,047, मुंगेली: 7,650, कांकेर: 7,705, सरगुजा: 8,029, धमतरी: 8,126, सूरजपुर: 8,158, बेमेतरा: 8,677, कबीरधाम: 8,706, बालोद: 8,782, रायगढ़: 8,969, राजनांदगांव: 9,224, कोरबा: 9,516, जशपुर: 9,644, जांजगीर-चांपा: 10,252, महासमुंद: 10,664, बलौदाबाजार: 11,467, दुर्ग: 13,564, बिलासपुर: 15,312, रायपुर: 21,490।*


## भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने की मुफ्त सुविधा संस्कृति की आलोचना

# मुफ्त योजनाओं पर भड़का कोर्ट, राज्य सरकारों से कहा- खैरात नहीं, रोजगार दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने लोगों को मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। 'तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड' ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निःशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया है। शीर्ष अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर राज्य गरीबों की मदद करते हैं तो यह बात पूरी तरह से समझ में आती है। देश के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि अधिकतर राज्यों का राजस्व घाटे में हैं लेकिन वे विकास की अनदेखी करते हुए इस तरह की मुफ्त सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि इस तरह की मुफ्त सुविधाएं देने से देश के आर्थिक विकास में बाधा पैदा होती है और राज्यों को सभी को मुफ्त भोजन, ▶▶|शेष पेज 4 पर

*सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने यानि फ्रीबीज पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। राज्य सरकारों को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि अगर वे इसी तरह 'मुफ्त खाना, मुफ्त बिजली' जैसी सुविधाएं देते रहे, तो डेवलपमेंट के लिए पैसे कहां से बचेगा? कोर्ट ने कहा है कि सरकार को रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास पर अब कम खर्च किया जा रहा है।*




### मुफ्त योजनाओं का फायदा कौन उठा रहे

सीजेआई सूर्यकांत ने मौखिक टिप्पणी की कि इस तरह के दान वितरण से देश का आर्थिक विकास बाधित होगा। हां, यह सरकार की जिम्मेदारी है कि दे। लेकिन, फ्रीबीज का फायदा कौन उठा रहे हैं...क्या इस तरफ ध्यान नहीं देना चाहिए?

### पूछा- कैसी संस्कृति कर रहे विकसित

पीठ ने कहा, भारत में हम कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी कदमों के तहत आप उन लोगों को (निःशुल्क) सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहते हैं, जो बिजली शुल्क चुकाने में असमर्थ हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लेकिन जो वहन कर सकते हैं और जो नहीं कर सकते, उनमें भेद किए बिना आप वितरण शुरू कर देते हैं। क्या यह तुष्टीकरण की नीति नहीं होगी? पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया।

### सब कुछ मुफ्त में, तो कौन करेगा काम

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा। पीठ ने कहा कि राज्य विकास परियोजनाओं पर खर्च करने के बजाय दो काम करते हैं- वेतन देना और इस तरह की मुफ्त सुविधाएं बांटना।

### कर्ज के बाद भी मुफ्त में चीजें बांटने पर जताई चिंता

सीजेआई ने कर्ज के बाद भी राज्यों की तरफ से मुफ्त में चीजें बांटने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने सवाल किया, 'आखिर करदाता नहीं, तो इन योजनाओं के लिए भुगतान कौन करेगा?' सुप्रीम कोर्ट ने नकद बांटने और मुफ्त की सुविधाएं देने को लेकर वित्तीय समझदारी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने का कोर्ट का कहना है कि राज्यों को मुफ्त की रेवड़ियां या 'डोल्स' बांटने के बजाय रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम बनाम भारत सरकार केस की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने निगम को उपभोक्ता की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को मुफ्त बिजली देने का वादा करने के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने मुफ्त की सेवा के कल्चर की कड़ी आलोचना की। साथ ही कहा कि यह आर्थिक विकास में बाधा डालती है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया

# दसवीं पास डॉक्टर! खुद को पोस्ट आफिस का डायरेक्टर बताकर 52 को लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पुलिस कमिश्नरेट सेंट्रल जोन, सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने ठगी करने वाले एक बड़े रैकेट के चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 52 बेरोजगार युवक, युवतियों से 2.34 करोड़ रुपए ठगी की है। गिरफ्तार जालसाजों ने माइक्रो फाइनेंस के नाम से दो कंपनी भी रजिस्टर्ड कराई है। जालसाजों के एक अन्य साथी को बालोद पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

संजय निराला की शिकायत पर पुलिस ने ठगी के मास्टर माइंड मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी नरेश मनहरे, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे, सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी भुनेश्वर बंजारे को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी पंडरी थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे थे। उन्होंने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के लिए विधानसभा स्थित ▶▶|शेष पेज 4 पर

- 40 लाख रुपए देकर दिल्ली से फर्जी डॉक्टर की डिग्री हासिल कर दिल्ली में हेल्थ केयर सेंटर संचालित कर रहा था

### ठगी करने जालसाजों की भूमिका

- *नरेश मनहरे: साजिश का मास्टर माइंड नरेश फर्जी लेटरहेड, सील और नियुक्ति पत्र तैयार करवाता था। रकम के लेन-देन की निगरानी करता था। आवेदकों को इंटरव्यू और ज्वाइनिंग की झूठी तारीखें बताकर समय निकालता था। आमासिवनी पंडरी क्षेत्र में फर्जी आफिस संचालित कर विश्वास कायम करता था।*
- *भुनेश्वर बंजारे: आवेदकों से नकद और ऑनलाइन माध्यम से रकम इकट्ठी करता था। फर्जी नियुक्ति पत्र प्रिंट करता था। आवेदकों को कॉल कर दस्तावेज जमा कराने और भुगतान की याद दिलाता था।*
- *हीरा दिवाकर : आवेदकों से आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, फोटो आदि दस्तावेज एकत्र करता था। बैंक खातों के संचालन और लेन-देन में सहयोग करता था।*
- *राकेश रात्रे: दस्तावेजों की छंटाई और रिकार्ड तैयार करने का काम करता था। बैंक खातों के जरिए रकम ट्रांसफर में सहयोग करता था। उसके पास से मोबाइल और बैंक पासबुक जब्त की गई।*

### ठगी के तार दिल्ली से लेकर रायपुर तक

नरेश ने राज्य के अलग-अलग जिलों में ठगी की दुकान संचालित करने नेटवर्क खड़ा किया था। पुलिस को नरेश द्वारा दिल्ली में हेल्थ केयर सेंटर संचालित किए जाने की जानकारी मिली है। नरेश ने रायपुर, आमासिवनी में भी हेल्थ केयर सेंटर संचालित करने ऑफिस किराए पर लिया है, लेकिन वहां हेल्थ केयर का ऑफिस शुरू नहीं हो पाया है। नरेश ने गुडलक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के नाम से दो जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाया है। एक का ऑफिस अभनपुर में संचालित हो रहा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एपस्टीन मामले में किंग्स चार्ल्स के भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की शाही परिवार से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। किंग चार्ल्स तृतीय के भाई और पूर्व प्रिंस एंड्र्यू को सार्वजनिक पद के दुरुपयोग के शक में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई कुख्यात फाइनेंसर और सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन से उनके कथित संबंधों की जांच के बीच हुई है।

### फिल्म निर्माता बेग अपने घर में मृत पाए गए

**मुंबई।** दिग्गज फिल्म निर्माता एमएम बेग अपने घर में मृत पाए गए। वह 70 वर्ष के थे। उनके प्रबंधक हनीफ जावेरी ने यह जानकारी दी। लोकप्रिय बाल कलाकार बेबी गुड्डू के पिता बेग 'रजिया सुल्तान' जैसी फिल्मों से जुड़े रहे तथा 'छोटी बहू' का निर्देशन किया था।

### 51 किलो गांजा जब्त धरा गए एक आरोपी

**कोच्चि।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को पेरुंबवूर के पास एक मकान से 51 किलोग्राम गांजा जब्त किया और पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी रुबेल (25) मुर्शिदाबाद का रहने वाला है और उसने पेरुंबवूर के पास टीएमजे नगर में एक घर में प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपा कर रखा था।

## निर्वाचन आयोग ने तैयारी के दिए निर्देश

# 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में होगा एसआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने को कहा है, क्योंकि इस प्रक्रिया के अप्रैल से शुरू किए जाने के आसार हैं। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) इसके दायरे में आ जाएंगे। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के अखिल भारतीय एसआईआर का आदेश पिछले साल जून में दिया गया था।

### एसआईआर में क्या-क्या किया जाएगा?

उन्होंने बताया कि हर घर पर बीएलओ तीन बार जाएंगे और मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान बीएलओ की जिम्मेदारी होगी कि कोई भी योग्य मतदाता इस अभियान न छूटे और कोई भी अयोग्य मतदाता नहीं जुड़े। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया होनी है, वहां आज रात 12 बजे से मतदाता सूची फ्रीज हो जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान दूसरे राज्यों में प्रवास करने वाले मतदाता ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे।

### क्या है एसआईआर का उद्देश्य?

विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में सुधार करना और इसमें नए मतदाताओं का समावेश करना है। इसमें नामों की जांच, पुराने मतदाताओं की पुष्टि, और आवश्यक संशोधन शामिल होंगे। आयोग ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर कर नए मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जिससे चुनावों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### 2026 में इन राज्यों में विधानसभा चुनाव

बता दें कि देश के पांच राज्यों में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें असम, तमिलनाडु, पुद्दुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। हालांकि, जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं या होने वाले हैं, वहां फिलहाल यह प्रक्रिया नहीं होगी, क्योंकि स्थानीय स्तर का प्रशासन चुनावी कामकाज में व्यस्त रहेगा।

*एक साल बाद मिला पत्रकारिता विवि को नया कुलपति*

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय का इंतजार खत्म, दयाल केटीयू के नए कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि को एक साल इंतजार के बाद नया कुलपति मिल गया है। हिसार के प्रोफेसर मनोज दयाल कुलपति बनाए गए हैं। गौरतलब है, मार्च 2025 में प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यहां कुलपति का पद बीते एक वर्ष से रिक्त था। केटीयू में कुलपति चयन विवादों से घिरा रहा है। कुलपति के लिए विज्ञापन जारी किए जाने के बाद उसे रद्द कर दिया गया था। कुलपति बनने के लिए पात्रता शर्तों में बदलाव कर पुनः नवीन विज्ञापन जारी किया गया। दोबारा जारी किए गए विज्ञापन की शर्तों के आधार पर ही नवीन कुलपति का चयन किया गया है। बीते दिनों कुलपति चयन के लिए बनाई गई सर्च कमेटी ने तीन नामों का पैनल राजभवन भेजा था। प्रो.दयाल केटीयू के चौथे कुलपति होंगे। इसके पूर्व प्रो.सच्चिदानंद जोशी, डॉ.परमार तथा प्रो.बलदेवभाई शर्मा अपनी सेवाएं यहां दे चुके हैं।

### मीडिया स्टडी के प्राध्यापक

*प्रो.दयाल वर्तमान में हिसार हरियाणा के गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में मीडिया स्टडी के प्राध्यापक के रुप में सेवा दे रहे हैं। अब वे केटीयू कुलपति का पदभार ग्रहण करेंगे। उन्हें भारत की अलग-अलग सेंट्रल और स्टेट यूनिवर्सिटी में 30 साल से ज्यादा समय तक अध्यापन, रिसर्च और गाइड का अनुभव है। वे इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में 1992-96 में जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के फाउंडर हेड भी रह चुके हैं। शैक्षणिक पेशे में आने के पूर्व वे रिपोर्टर तथा सब-एडिटर के रूप में भी कई समाचार पत्र में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।*

## देश के कई एयरपोर्ट पर हुई दिक्कत

# सॉफ्टवेयर ठप, 40 मिनट तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




सॉफ्टवेयर की समस्या के कारण विभिन्न एयरलाइन के यात्रियों को गुरुवार सुबह आगमन संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि यह समस्या करीब 40 मिनट से अधिक समय तक बनी रही। इस समस्या के कारण दिल्ली, मुंबई और अन्य हवाई अड्डों पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयर प्रभावित हुईं।

### पिछले कुछ महीनों में कई घटनाएं

*बता दें कि पिछले कुछ महीनों में भारतीय विमानन क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं देखी गई हैं। पिछले साल नवंबर में एयर ट्रैफिक कंट्रोल में खराबी की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुई थीं। एयरपोर्ट पर ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी आई थी।*

## गगनयान मिशन को लेकर डीआरडीओ ने लगाई बड़ी छलांग

# अंतरिक्ष से लौटते वक्त खास पैराशूट बचाएगा जान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की सफलता की ओर एक और कदम बढ़ चुका है। अंतरिक्ष की गहराइयों में तिरंगा फहराने की तैयारी कर रहे हमारे जांबाज एस्ट्रोनॉट्स की सुरक्षा को लेकर डीआरडीओ ने सबसे बड़ी बाधा पार कर ली है।

मिशन का सबसे कठिन हिस्सा वह होता है जब स्पेसक्राफ्ट हजारों किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में दोबारा दाखिल होता है। उस वक्त उसे सुरक्षित तरीके से नीचे उतारने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर होती है, उन्हें 'ड्रोग पैराशूट' कहा जाता है। आज चंडीगढ़ की धरती पर इन पैराशूट्स ने अपनी ताकत का ऐसा प्रदर्शन किया कि वैज्ञानिकों के चेहरे खिल उठे।



### चंडीगढ़ में हुआ 'सुपर टेस्ट'


चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी में गुरुवार को गगनयान के 'ड्रोग पैराशूट' का सफल क्वालिफिकेशन टेस्ट किया गया। यह टेस्ट रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज फैसिलिटी में किया गया, जो अपनी हाई-स्पीड टेस्टिंग क्षमताओं के लिए जानी जाती है।

### हवा से भी तेज दबाव झेलने की ताकत

यह कोई मामूली टेस्ट नहीं था। वैज्ञानिकों ने इस पैराशूट पर उड़ान के दौरान आने वाले अधिकतम दबाव से भी कहीं ज्यादा लोड डालकर इसे परखा। इस टेस्ट का नतीजा शानदार रहा। पैराशूट ने इस अतिरिक्त दबाव को आसानी से झेल लिया। इससे यह साबित हो गया है कि इस डिजाइन में एक्स्ट्रा सेफ्टी मार्जिन मौजूद है, जो किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में एस्ट्रोनॉट्स की जान बचाने के लिए जरूरी है।

### गगनयान का सिस्टम

गगनयान क्रू मॉड्यूल के डीसेलेरेशन सिस्टम में कुल 10 पैराशूट हैं, जो 4 अलग-अलग प्रकार के हैं। सबसे पहले 2 एपेक्स कवर सेपरेशन पैराशूट खुलते हैं, जो पैराशूट कक्ष का सुरक्षा कवर हटाते हैं। इसके बाद 2 ड्रोग पैराशूट, जो मॉड्यूल को स्थिर करते हैं और उसकी रफ्तार कम करते हैं। ड्रोग के रिलीज होने के बाद 3 पायलट पैराशूट डिप्लॉय किए जाते हैं ताकि तीन मेन पैराशूट बाहर निकल सकें, जो क्रू मॉड्यूल की स्पीड को और कम कर सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करते हैं।



कहानी
प्रकाश मनु

# गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश

बच्चो, अगर चांद तुम्हारी छत पर उतर आए और बगल में बैठकर आसमान की दुनिया के बारे में बताए, इस बीच तुम्हारे दोस्त भी आ जाएं, सबका मन आसमान की सैर करने को हो जाए, सब चांद की किरणों के खटोले पर बैठकर चल दें तो कितना मजा आएगा! ऐसा ही कुछ गुड़िया के साथ हुआ। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।



उस दिन चांदनी रात थी। गुड़िया अपने घर की छत पर बैठी थी। जोर-जोर से चंदा मामा का गीत गा रही थी, जो उसने आज ही अपनी सहेली चांदनी से सीखा था। वह बार-बार झूम- झूमकर गा उठती-

*चंदा मामा दूर के,*
*खोए पकाए भूर के,*
*आप खाएं थाली में*
*गुड़िया को दें प्याली में*
*कितने मीठे, कितने प्यारे*
*लड्डू मोतीचूर के!*



गुड़िया मजे में यह गीत गा रही थी। गाते-गाते उसने चांद की ओर देखा। चांद खिलखिलाकर हंस रहा था। तभी उसने खुद भी एक प्यारा सा गीत बना लिया और मीठे सुर में गाने लगी-

*जल्दी आओ चंदा मामा,*
*पहन के आओ नया पाजामा!*
*उजला-उजला नया पाजामा,*
*पहन के दिखलाओ जी ड्रामा,*
*जिसमें लंबे से हों लामा,*
*जिनसे डर के भागे गामा।*
*भागे गामा, हो हंगामा,*
*दिखलाओ जी ऐसा ड्रामा...!*

अभी वह इस कविता को आगे बढ़ाने के लिए अगली पंक्ति सोच ही रही थी, तभी एक जादू-मंतर सा हुआ। चारों ओर चांदी जैसा खूब घना प्रकाश फैल गया। एकाएक गुड़िया को सुनाई दिया, 'हां, गुड़िया बोलो, मुझे क्यों बुलाया है?'

गुड़िया हैरान। उसकी आंखें चकाचौंध हो रही थीं। उसने अचकचाकर सामने की ओर देखा, 'अरे लो! चंदा मामा तो सामने खड़े हैं! और सचमुच उन्होंने जगमग-जगमग करता सफेद पाजामा पहन रखा है। शुभ्र चांदनी का पाजामा!'

फिर भी गुड़िया ने अपने मन की तसल्ली के लिए पूछा, 'आप...आप चंदा मामा हैं न?'

'हां भई, कोई शक है क्या?' चंदा मामा खुलकर हंसे। फिर बोले, 'तुम लड्डू मोतीचूर के वाला गाना गा रही थीं। खाने हैं तो चलो मेरे साथ।...वहां चाहे जितने मोतीचूर के लड्डू खाना।'

गुड़िया आंखें पटपटाकर बोली, 'ओफ्फोह! चलना तो चाहती हूं, पर अभी मेरी सहेलियां और दोस्त आने वाले हैं। आज हमने कविता-कहानी सुनाने का कार्यक्रम रखा है न! इसी के लिए तो मैं गीत गाकर तैयारी कर रही थी।...और लो जी, यहां तो एक नया ही चक्कर चल पड़ा। मेरे दोस्तों को पता चलेगा तो हक्के-बक्के रह जाएंगे। बल्कि चंदा मामा, उन्हें तो यकीन ही नहीं आएगा कि आप यहां आ गए, मुझसे मिलने।'

'तो चलो, ठीक है। हम भी इंतजार कर लेते हैं तुम्हारे दोस्तों का..।' चंदा मामा ने कहा और गुड़िया के पास वहीं बैठ गए। गुड़िया को प्यारी सी कहानी सुनाने लगे- आसमान की कहानी, चांद-तारों और सूरज की कहानी।

थोड़ी ही देर में गुड़िया की सहेलियां और दोस्त भी आ गए। चंदा मामा को देखकर सब हैरान! गुड़िया ने जब चंदा मामा के बारे में बताया, तो सब उनसे हंस-हंसकर बात करने लगे। आसमान के देश के बारे में बहुत सी बातें पूछने लगे।

चंदा मामा ने कहा, 'चलो, तुम्हें दिखला ही देता हूं अपना देश। और तुम्हें जो कविता-कहानियां सुनानी हैं, उन्हें रास्ते में सुनाते चलना।'

'वाह! वाह! तब तो खूब मजा आएगा।' गुड़िया ने कहा।

'लेकिन चंदा मामा, हम जाएंगे कैसे? आपका देश तो बहुत दूर है न!' नटखट मिंकी ने पूछा।

'हां, पर मुश्किल क्या है। हम तो किरणों के उड़न-खटोले पर जाएंगे न।' चंदा मामा बोले।

'किरणों का उड़न-खटोला!' गुड़िया और उसकी सहेलियों के मुंह अचरज से खुले रह गए, 'सच..!'

'हां!' चंदा मामा ने कहा और उनके इशारा करते ही चांदी की किरणों का चम-चम करता उड़न-खटोला आसमान से जमीन पर आ गया।

सब बच्चे धम-धम-धम करते उसमें बैठे और उड़न-खटोला चल पड़ा। रास्ते में बच्चों ने एक से एक बढ़िया कविताएं-कहानियां सुनानी शुरू कर दीं। कुछ बच्चों ने मजेदार चुटकुले भी सुनाए। हंसते-हंसते चंदा मामा लोट-पोट हो गए।

फिर उड़न-खटोला पहुंचा चांद के देश में। वहां का तो खैर कहना ही क्या था। जिस चीज को देखो, वही चांदी की तरह चम-चम, चम-चम करती हुई। चांदी के कुर्सी-मेज। चांदी का पलंग। चांदी का फर्श। चांदी के फूल, गमले और पर्दे भी।

चंदा मामा ने बच्चों को तारों से मिलवाया, आसमान के राजा सूरज से भी उनकी मुलाकात करवाई, जो बच्चों के सामने सारी तपन छोड़कर ठंडे-शीतल थे। बच्चों ने आसमान में खूब सैर-सपाटा किया। फिर चांद का उड़न-खटोला धरती की ओर चल पड़ा।

बच्चों ने घर आकर अपने-अपने मम्मी-पापा को इस बारे में बताया, तो सब हैरान रह गए। गुड़िया ने हिंदी की मैडम को बताया तो उन्होंने कहा, 'गुड़िया, इस पर एक कहानी लिखो, 'गुड़िया चली चांद के देश।' उसे मैं स्कूल की पत्रिका में छापूंगी। साथ ही किसी बढ़िया आर्टिस्ट से उसका चित्र भी बनवाएंगे।'

गुड़िया ने यह कहानी लिखी तो बच्चों ने खुशी से झूम-झूमकर पढ़ी। अब सब बच्चे यही कहते हैं, गुड़िया अबकी चंदा मामा आएं तो हमसे भी मिलवाना। खुद गुड़िया को इंतजार है- देखें, अब कब आते हैं उसके चंदा मामा? आखिर उन्हें भी तो जरूर नन्ही-मुन्नी सी प्यारी गुड़िया की याद आती होगी ना! *

नन्ही कहानी

# हार की चोरी

राजा का पुश्तैनी हार चोरी हो गया। राजा ने अपने मंत्री से सलाह की। मंत्री ने कुछ ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी ही आसानी से हार-चोर पकड़ा गया। मंत्री की क्या थी तरकीब?



एक राजा के महल से उसका पुश्तैनी हार चोरी हो गया। हार जिस जगह से चोरी हुआ था, वहां तक किसी बाहरी आदमी का पहुंच पाना असंभव था। इससे स्पष्ट था कि हार महल के अंदर रहने वालों में से ही किसी ने चुराया है। हार-चोर का पता लगाने के लिए राजा ने अपने मंत्री से सलाह की।

अगले दिन मंत्री एक पुतला लेकर आया। उसने आते ही घोषणा की, 'यह एक मंत्र सिद्ध पुतला है। महल के हर व्यक्ति को इस पुतले के मुंह में अंगुली डालनी है। जिसने हार चुराया है, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा।'

मंत्री ने वह पुतला महल के एक कक्ष में रखवा दिया, स्वयं दरवाजे के पास प्रसाद के लड्डू लेकर खड़ा हो गया। सब लोग कक्ष में जाते, पुतले के मुंह में अंगुली डालकर वापस आ जाते। मंत्री सबको हाथ में प्रसाद देकर विदा कर रहा था। इसी क्रम में जब एक दासी कमरे से निकली और जैसे ही उसने प्रसाद लेने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, मंत्री ने उसका हाथ पकड़ लिया और राजा से कहा, 'इसी ने हार चुराया है।'

दासी ने पहले तो ना-नुकुर किया, लेकिन जब राजा ने सख्ती दिखाई तो उसने मान लिया कि हार की चोरी उसी ने की है।

राजा ने मंत्री से पूछा, 'मंत्री जी, आपने कैसे पता लगाया कि हार की चोरी इसी दासी ने की है?'

मंत्री ने बताया, 'महाराज, मैंने पुतले के मुंह में रंग लगा दिया था, जो भी उसके मुंह में अंगुली डाल रहा था, उसकी अंगुली में रंग लग रहा था। लेकिन दासी की अंगुली में कोई रंग नहीं लगा था, क्योंकि उसने पुतले के मुंह में अंगुली डाली ही नहीं। उसे डर था, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा, क्योंकि हार की चोरी उसी ने की थी।'

**सारः** चोर का मन बहुत कमजोर होता है। * **प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

# चिड़िया सच बतलाना



चिड़िया, चिड़िया, सच बतलाना,
नीड़ बनाना कैसे जाना?
चुग-चुग दाने चुनकर लाती,
क्या ना थकती, सच बतलाना?
क्या तू भी कुछ नियम तोड़ती,
क्या भरती कोई जुर्माना?
पंख सुनहरे इतने प्यारे,
कहां से पाया, यह बतलाना?
क्या जाती तू नित विद्यालय,
कौन सिखाता तुझको गाना?
जब ऊंचे नभ में उड़ती है,
कैसा लगता, सच बतलाना?

कविता / शिवचरण चौहान

# फागुन के फुर्तीले दिन

फागुन के फुर्तीले दिन,
प्यारे रंग-रंगीले दिन।
सरसों के खेतों में फूले,
खुशबू भीने पीले दिन।
धूप शहद-सी चटा रहे,
सबको खूब सजीले दिन।
कोपल-कोपल में लटके,
मोती से चमकीले दिन।
नाच रहे सब मस्ती में,
छम-छम छैल-छबीले दिन।



# हंसगुल्ले



**चिंटू:** मुझे आंख बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**मिंटू:** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**चिंटू:** अंधेरा।
**-साकेत, बिलासपुर**

**नन्ही रिया (अपनी दीदी से):** दीदी, मुझे लिखना आ गया है।
**दीदी:** अच्छा! कुछ लिखकर दिखाओ तो।
रिया ने नोटबुक पर कुछ टेढ़ी-मेढ़ी लाइंस खींच दी।
**दीदी:** अरे! ये क्या लिखा है तुमने?
**रिया:** दीदी, अभी मैंने सिर्फ लिखना सीखा है, पढ़ना नहीं सीखा।
**-प्रज्ञा, रायपुर**

**सोनू:** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू लेकर क्यों चलते हो?
**मोनू:** ताकि अगर रास्ते में कोई दुश्मन मिल गया तो उसके दांत खट्टे कर सकूं।
**-श्रेया, दुर्ग**

# जीके क्विज-193

1. हाल में ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
2. विक्टोरिया मेमोरियल किस राज्य में स्थित है?
3. चार सौ ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी कौन बने हैं?
4. भारत में किसी राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन बनी थीं?
5. भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष चली थी?
6. हाल में भारत की यात्रा पर आए इमैनुअल मैक्रॉ किस देश के राष्ट्रपति हैं?
7. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
9. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-193 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-192 का उत्तरः** 1.इंग्लैंड, 2.जे.के. रोलिंग, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आइजैक न्यूटन, 7.सैम मानेकशॉ, 8.मंगल, 9.सोडियम क्लोराइड, 10.हेनरी कैवेंडिस

**जीके क्विज-192 का सही उत्तर देने वालेः** अमित-सक्ती, श्रेया-दामोह, कबीर-हिसार, अनहद-बिलासपुर, अजय-फतेहाबाद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-झज्जर, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, सुयश-रायपुर, अर्णव-बिलासपुर, कुसुम-भिलाई, तमन्ना-कोरबा, मनीष-रोहतक, विकास-महासमुंद

नयन दिल्ली के एक होटल में रुकने आया तो उसे अपने रूम में लॉक की जगह एक कार्ड मिला, जिसको लगाने से रूम का डोर लॉक होता, ओपन होता। नयन ने पापा से जब इसके बारे में पूछा तो उन्होंने इसकी पूरी तकनीक उसे समझायी। बच्चो, तुम भी जानो।

# नयन की होटल यात्रा

नॉलेज स्टोरी
आलोक कुमार दुबे



नयन अपनी फैमिली के साथ एक शादी में शरीक होने के लिए दिल्ली आया। स्टे के लिए वह एक होटल में गया। साथ में उसके चाचा की भी फैमिली थी। रिसेप्शन पर रजिस्टर में डिटेल भरने के बाद सभी को कमरों का नंबर बताकर उन्हें वहां पहुंचाने को कहा गया। होटल का जो कर्मचारी कमरे तक सामान लेकर आया था, उसने एक प्लास्टिक के कार्ड को कमरे के डोर पर टच किया और फिर हाथ से हैंडल को घुमाकर दरवाजा खोल दिया, फिर उस कार्ड को अंदर दरवाजे के पास एक कार्ड पॉकेट में डाल दिया। तुरंत ही कमरे की बत्तियां जल गईं। उसने बताया कि जब आप बाहर जाएं तो कार्ड निकाल कर साथ में जरूर ले जाएं, नहीं तो डोर अंदर से बंद हो जाएगा, आपको परेशानी होगी। नयन यह सब बहुत ध्यान से देख-सुन रहा था।

मम्मी-पापा जब कमरे में सामान रख रहे थे, नयन ने कमरे का दरवाजा खोला और यह जांचा कि दरवाजा अंदर से खुल रहा है या नहीं? वह बाहर निकल आया और दरवाजा बंद होने पर उसे बाहर से हैंडल घुमाकर खोलने लगा, लेकिन वह नहीं खुल रहा था। दरवाजे के बाहर लगी घंटी के स्विच तक उसका हाथ नहीं पहुंच रहा था। तब-तक बगल के कमरे से निकले चाचा की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम बाहर क्या कर रहे हो?' चाचा ने घंटी बजाकर दरवाजा खुलवाया और उसे समझाया, 'अपने कमरे का नंबर याद कर लो और बिना बताए बाहर न निकलना। होटल के बाहर तो बिल्कुल भी नहीं। नहीं तो शादी में आने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा।'

कुछ देर बाद सभी लोग नहा-धो कर जब तैयार हो गए तो एक बड़े से कमरे में सभी लोगों को नाश्ते के लिए जाना था। पापा ने कमरे से बाहर निकलने के पहले कार्ड निकाल कर जेब में डाल लिया और दरवाजा बंद कर दिया। वापस आने पर



कार्ड को दरवाजे के हैंडल के पास टच किया और हैंडल घुमा कर दरवाजा खोल लिया। जब नयन से रहा नहीं गया तो उसने पूछा, 'पापा, अपने घर पर तो हम लोग चाबी से दरवाजा खोलते और बंद करते हैं, इस होटल में चाबी की जगह इस कार्ड से दरवाजा खुलता है। यह कैसे होता है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है?'

'अरे भाई, इस होटल के दरवाजे पर आर.एफ.आई.डी. तकनीक का ताला लगा हुआ है। जब इस कार्ड को हम पास में लाते हैं तो ताले का रीडर उसे रीड कर लेता है या पहचान लेता है और हैंडल घूमने लगता है, दरवाजा खुल जाता है।' पापा ने नयन को बताया।

'तो क्या अपने कमरे के कार्ड से चाचू के कमरे को खोला जाए तो वह नहीं खुलेगा? ' नयन ने दूसरा प्रश्न किया।

'नहीं, हर कार्ड पर कमरे की संख्या अंकित है। उस कमरे के ताले की रेडियो तरंग (फ्रीक्वेंसी) कार्ड से मिलान होना जरूरी है।' पापा ने जानकारी दी। 'अच्छा अगर अपना कार्ड कहीं खो जाए या हम लोग इसे लेकर घर चले जाएं तो होटल वाले क्या करेंगे?' नयन ने अगला सवाल किया।

'हां भाई, होटल वालों को अकसर ऐसे ग्राहको से पाला पड़ता रहता है। दूसरी चाबी बनाने का खर्च और मेहनत ज्यादा पड़ती है, जबकि एक कार्ड की कीमत बहुत कम होती है। तुमको बता दूं कि यह कार्ड सिर्फ उस समय तक काम करेगा, जब तक का पैसा होटल वालों के पास जमा है, उसके बाद इस कार्ड से भी दरवाजा नहीं खुलेगा और रिसेप्शन काउंटर पर जाकर इसे फिर रिचार्ज कराना पड़ेगा।' 'लेकिन पापा जब हम लोग नाश्ता करने जा रहे थे तो होटल के वर्कर के पास एक ही कार्ड था। वह उस कार्ड से कई कमरे खोल कर उनमें पानी की बोतल आदि सामान रख रहा था, वह कैसे?' नयन ने पूछा। 'यही तो इस तरह के ताले की विशेषता है। होटल के कर्मचारी को साफ-सफाई या अन्य कार्य के लिए हर कमरे की अलग-अलग चाबी नहीं रखनी पड़ती। बस एक मास्टर कार्ड से ही सब कमरे खुल सकते हैं।' पापा ने बताया।

'पापा, मुझे इसीलिए तो आप के साथ घूमने में मजा आता है, क्योंकि नई-नई बातें जानने को मिलती हैं।' यह कहकर नयन ने हंसते हुए ताली बजाई और कमरे से बाहर निकल गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# देश के गर्व भारत रत्न

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि अपने देश भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान का नाम भारत रत्न है। आजादी के बाद वर्ष 1954 से अब तक 53 विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। भारत रत्न देने की शुरुआत कैसे हुई? इसमें क्या प्रदान किया जाता है? और इसे प्राप्त करने वाली विभूतियों के बारे में विस्तार से पुस्तक 'देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न' में बताया गया है। इसे प्रसिद्ध बाल साहित्यकार समीर गांगुली ने लिखा है। यहां तुम देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर सी.वी. रमन, पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, गायिका लता मंगेशकर, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां जैसी अनेक हस्तियों समेत विदेशी मूल की भी दो महान विभूतियों मदर टेरेसा और नेल्सन मंडेला के बारे में भी जान सकते हो। इस किताब को पढ़कर तुम जान सकोगे कि जिन हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में कितना अद्वितीय योगदान देकर भारत देश का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया। निश्चित ही इस किताब को पढ़कर तुम भी इनकी तरह अपने देश और समाज के लिए बड़े काम करने के लिए प्रेरित होगे। *




**किताब :** देश के अनमोल रत्न : भारत रत्न, **लेखक :** समीर गांगुली, **मूल्य :** 300 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

# रंग भरो-196

**रंग भरो-196** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




**आशना, जांजगीर**


दिशांत, महेंद्रगढ़


मीनाक्षी, सक्ती


रेयांश, बिलासपुर


सौम्य, कोरबा


वैश्निका, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
माही-महासमुंद, प्रियंका-रायपुर, संचिता-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, परी-हिसार, कविता-बालोद, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, प्रिया-करनाल, रचना-कोरबा

# रंग भरो 197



बच्चो, यहां अपना होम वर्क पूरा करते हुए चिंकी और मिंकी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## करणी सेना के नेता का वीडियो वायरल हिरासत में आरोपी

# नेता प्रतिपक्ष राहुल सहित 25 सांसदों को गोली मारने की धमकी

## खेड़ा ने कहा, पूरा आरएसएस -भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करणी सेना के एक नेता ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत 25 सांसदों को गोली मारने की धमकी देने से हड़कंप मच गया है। आरोपी राज सिंह आमेरा राजस्थान का रहने वाला है, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा सोशल मीडिया पर आमेरा का वीडियो डालकर मामला उठाया था। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि करणी सेना से जुड़े एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। इसके बाद हरकत में आते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। कोटा शहर एसपी तेजस्वनी गौतम की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि इस मामले में विधिक कार्यवाही जारी है। कानून सर्वोपरी है. कानून को हाथ में लेने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई तय है।

### 'एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा'

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस -भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्ट्री' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा- कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है।



### कांग्रेस का पलटवार

कांग्रेस शहर अध्यक्ष राखी गौतम ने इस घटना पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ने न केवल राहुल गांधी बल्कि 25 सांसदों को भी गोली मारने की धमकी दी है, जो उनकी 'फूट डालो और राज करो' की राजनीति को दर्शाता है। राखी गौतम ने इसे बर्दाश्त से बाहर बताते हुए कहा कि कांग्रेस इस मामले में सख्त रिपोर्ट दर्ज करवाएगी और आरोपी को सलाखों के पीछे भिजवाकर ही दम लेगी।

### यह है मामला

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें राहुल गांधी सहित 25 सांसदों के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और हिंसक भाषा का प्रयोग कर गोली मारने की बात कही थी। आरोपी ने वीडियो में स्पीकर ओम बिड़ला के साथ अभद्रता के मामले का जिक्र किया था। उसने कहा था संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने जानकारी दी है कि सांसदों ने स्पीकर के साथ गाली-गलौच की है। यह सब राहुल गांधी के कहने से हुआ है। चूंकि मामला देश के सबसे बड़े विपक्षी नेता की सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए कोटा पुलिस इसे बेहद गंभीरता से ले रही है।

### यह कहा आमेरा ने

पुलिस पूछताछ में राज आमेरा ने वीडियो से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उसने आरोप लगाया कि विपक्ष फेक आईडी बनाकर उसे फंसाने की साजिश रच रहा है। उसने खुद को सनातनी बताते हुए कहा कि वह हिंदू राष्ट्र का समर्थक है, लेकिन इस वीडियो से उसका कोई लेना-देना नहीं है।

### इससे हमारा कोई संबंध नहीं- करणी सेना

वीडियो में राज सिंह आमेरा ने खुद को करणी सेना का कोटा संभागीय प्रभारी बताया. वहीं, करणी सेना ने कहा कि इससे हमारा कोई संबंध नहीं है. फिलहाल जिस अकाउंट से ये धमकी दी गई थी वह बंद कर दिया गया है. आमेरा कोटा का रहने वाला है. इसने इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट डालकर धमकी दी थी.

### भाजपा ने भी पल्ला झाड़ा

मामला गरमाता देख भाजपा शहर अध्यक्ष राकेश जैन ने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिखने वाले व्यक्ति का पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। जैन ने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण और अनुशासन वाली पार्टी है। ऐसी हिंसक भाषा हमारी विचारधारा के खिलाफ है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाते हैं।

---

## डीजीसीए ने पेश किया सख्त नियमों का प्रस्ताव

# विमान में बदसलूकी करने वाले यात्रियों की अब खैर नहीं, लगेगा 30 दिन का बैन!

*नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अभद्र व्यवहार करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए सख्त नियमों का प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें विमानन कंपनियों को ऐसे यात्रियों पर 30 दिन तक के लिए उड़ान प्रतिबंध लगाने की अनुमति देना भी शामिल है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमानन नियामक ने संशोधित मसौदा नियमावली में कहा कि विमान/व्यक्तियों/संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उड़ानों में अनुशासन बनाए रखने के लिए 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति' अपनाई गई है। डीजीसीए ने कहा कि विमान, यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नो/जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। प्रस्ताव के अनुसार, हर एयरलाइन को बदसलूकी की घटनाओं से निपटने और उनकी रिपोर्टिंग के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाना होगा। हालांकि, आमतौर पर एक स्वतंत्र समिति, जिसमें दूसरी एयरलाइन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा, उड़ान प्रतिबंध पर फैसला करेगी। लेकिन कुछ गंभीर मामलों में एयरलाइन सीधे 30 दिन का बैन लगा सकेगी।

विमान, यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नो/जीरो टॉलरेंस नीति

अनुशासनहीन यात्रियों की श्रेणी में किया वर्गीकृत



### डाला जा सकता है नो-फ्लाई लिस्ट में

*हर श्रेणी के अनुसार उड़ान पर अलग-अलग अवधि का प्रतिबंध लगाया जाएगा। दोषी यात्रियों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जा सकता है। ड्राफ्ट नियमों के तहत एयरलाइंस को ऐसे यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। यह रिकॉर्ड डीजीसीए के साथ साझा किया जाएगा। हालांकि संबंधित जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। डीजीसीए का मानना है कि इन नियमों का उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और हवाई यात्रा को सुरक्षित व सुविधाजनक बनाना है। रिकॉर्ड में शामिल होंगे: नाम, संपर्क विवरण, पहचान पत्र, घटना का विवरण और प्रतिबंध अवधि।*

### ड्रॉफ्ट पर मांगे गए 16 मार्च तक सुझाव

नए प्रावधानों को लेकर जारी ड्रॉफ्ट पर 16 मार्च तक संबंधित पक्षों और लोगों से सुझाव मांगे गए हैं। जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी के तहत जारी प्रावधानों के हिसाब से अनुशासनहीनता में चालक दल से बदसलूकी, शराब के नशे में हंगामा, मारपीट, नियमों का उल्लंघन, नारेबाजी और सुरक्षा में बाधा डालना शामिल है। इसके अलावा इमरजेंसी एग्जिट से छेड़छाड़ या लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरणों का गलत इस्तेमाल शामिल है। मौजूदा नियमों के तहत समिति के फैसले तक 45 दिन का अस्थायी बैन लगाया जा सकता है, जो नए प्रस्ताव में भी जारी रहेगा। अपराध की गंभीरता के आधार पर तीन महीने से लेकर दो साल या उससे अधिक समय तक प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### एयरलाइंस के लिए एसओपी अनिवार्य

प्रस्तावित नियमों के मुताबिक, हर एयरलाइन को बदसलूकी की घटनाओं से निपटने और उनकी रिपोर्ट डीजीसीए को भेजने के लिए एक स्पष्ट स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी एसओपी तैयार कर उसे लागू करना होगा। यह एसओपी सभी संबंधित हितधारकों के साथ साझा करना भी अनिवार्य होगा। उड़ान प्रतिबंध पर आखिर फैसला के लिए एयरलाइन एक स्वतंत्र समिति गठित करेगी, जिसमें किसी अन्य एयरलाइन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा। हालांकि, कुछ विशेष मामलों में एयरलाइन बिना समिति की मंजूरी के सीधे 30 दिनों तक का बैन लगा सकेगी।

### अनुशासनहीन यात्रियों की चार श्रेणियां

- श्रेणी 1 : मौखिक दुर्व्यवहार- अधिकतम 3 महीने का प्रतिबंध
- श्रेणी 2 : शारीरिक हिंसा- अधिकतम 6 महीने का प्रतिबंध
- श्रेणी 3 : जानलेवा हरकतें - 2 साल या उससे अधिक का प्रतिबंध संभव
- श्रेणी 4 : कॉकपिट में घुसने की कोशिश जैसे गंभीर मामले- 2 साल या उससे अधिक का प्रतिबंध संभव

### बनेगी तीन सदस्यीय समिति

नए प्रावधान के तहत तीन सदस्यों की एक समिति बनाई जाएगी। सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (अध्यक्ष) एयरलाइंस के प्रतिनिधि (सदस्य) और उपभोक्ता संगठन/यात्री संघ के प्रतिनिधि या सेवानिवृत्त अधिकारी (सदस्य) शामिल होंगे। यात्री को अधिकार होगा कि वह नोटिस प्राप्त स्थिति में 60 दिन के अंदर समिति के समक्ष अपील कर सकता है।

---

# अनिल अंबानी ने दिया हलफनामा, 'बिना इजाजत देश नहीं छोड़ूंगा'

**नई दिल्ली।** अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) द्वारा कथित रूप से 40,000 करोड़ रुपये की बैंकिंग एवं कॉरपोरेट धोखाधड़ी से जुड़े मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। अंबानी ने अपने हलफनामे में कहा कि वह बिना पूर्व-अनुमति के देश नहीं छोड़ेंगे और एजेंसियों के साथ जांच में पूरा सहयोग करेंगे। अंबानी ने कहा कि उनका देश छोड़ने का कोई इरादा नहीं है और न ही उनकी कानूनी प्रक्रिया से बचने की कोई मंशा है। अंबानी ने कहा, ' मैं शपथ लेकर कहता हूं कि मैंने जुलाई, 2025 से मौजूदा जांच शुरू होने के बाद से भारत नहीं छोड़ा है और फिलहाल देश से बाहर जाने का मेरा कोई इरादा नहीं है।' अंबानी ने वादा किया कि यदि उन्हें किसी काम से विदेश जाना पड़ा तो वह उससे पहले अदालत की अनुमति लेंगे।



- **40 हजार करोड़ रुपये की बैंकिंग एवं कॉरपोरेट धोखाधड़ी से जुड़ा मामला**






# न्यायालय ने धोखाधड़ी से प्राप्त डिक्री को किया शून्य

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

व्यवहार न्यायालय ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि धोखाधड़ी द्वारा प्राप्त कोई भी न्यायिक आदेश न तो अंतिमता प्राप्त कर सकता है और न ही उसे समय की सीमा अथवा प्रक्रिया की आड़ में संरक्षित किया जा सकता है। अतः



ऐसी डिक्री न केवल शून्य होती है, बल्कि उससे कोई वैधानिक अधिकार उत्पन्न नहीं हो सकता। विधि का यह भी सुस्थापित सिद्धांत है कि जब कोई डिक्री धोखाधड़ी द्वारा प्राप्त की गई हो, तब उसे निरस्त कराने के लिए पृथक वाद अथवा अपील की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि ऐसी डिक्री विधि की दृष्टि में शून्य होती है और उसे किसी भी उपयुक्त कार्यवाही में अमान्य घोषित किया जा सकता है। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश ने कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर ने धोखाधड़ी कर जीवित व्यक्ति को लापता बताकर सिविल मृत्यु की डिक्री का प्रयोग कर राजस्व रिकार्ड से नाम विलोपित कराने के खिलाफ पेश वाद में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित न्यायदृष्टांत में यह न्यायालय यह निष्कर्ष पर पहुँचती है कि वादी रामगोपाल न्यायालय से पारित निर्णय 14 जून 2012 के समय जीवित था एवं सिविल मृत्यु की उपधारणा प्रतिवादीगण द्वारा न्यायालय के समक्ष असत्य एवं महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाते हुए डिक्री प्राप्त की गई थी। प्रतिवादीगण द्वारा वादी रामगोपाल की सिविल मृत्यु की डिक्री का प्रयोग अवैध बंटवारा प्राप्त करने के लिए किया गया। वर्तमान में वादी वही रामगोपाल है जिसकी व्यवहार बाद में सिविल मृत्यु की घोषणा की गई थी एवं वह आज दिनांक को जीवित है। व्यवहार वाद में पारित निर्णय व डिक्री न्यायालय के साथ छल करके प्राप्त की गई थी तथा वह वादी रामगोपाल पर बंधनकारी नहीं है। मामला यह है कि बिलासपुर जिला के बिल्हा क्षेत्र के ग्राम बसिया निवासी आनंद राम व कालिका प्रसाद सगे भाई थे। आनंदराम की शादी अमोलाबाई से हुई थी। दोनों भाईयों के नाम ग्राम बसिया में 6.222 एकड़ भूमि संयुक्त खाता में है। आनंदराम की मौत के बाद राजस्व रिकार्ड में उनकी पत्नी अमोला बाई का नाम चढ़ाया गया। आनंदराम एवं अमोलाबाई की एक पुत्री थी रूप बाई। रूप बाई की शादी चांपा निवासी राजकुमार से हुई। उनका एक पुत्र रामगोपाल गौरहा है। दूसरी ओर कालिका प्रसाद के चार संतान रूपराम, बेनीराम, बिहारीलाल एवं पुत्री निर्मला है। उक्त संपत्ति का दो हिस्सा होना था। इसमें रूपराम एवं अन्य ने रागगोपाल गौरहा को लापता बता सिविल मृत्यु डिक्री प्रा' कर राजस्व रिकार्ड से रामगोपाल का नाम विलोपित करा दिया। अष्टम व्यवहार न्यायाधीश ने 2014 को उक्त आदेश पारित किया था। इस बात की जानकारी होने पर रामगोपाल गौरहा ने सिविल वाद पेश किया। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रिया चक्रवर्ती ने वाद को स्वीकार करते हुए सिविल मृत्यु डिक्री को शून्य किया है। मामले में वादी राम गोपाल गौरहा ने छत्तीसगढ़ शासन से प्रा' पेंशन के रिकार्ड, वोटर आईडी, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर जीवित होने का साक्ष्य प्रस्तुत किया था। इस आधार पर कोर्ट ने वादी के सिविल मृत्यु डिक्री को अवैध एवं छलपूर्वक प्रा' करना पाया है

# खनिज प्रशासन के प्रभावी संचालन में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण- साय

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त खनि निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है और खनिज प्रशासन के प्रभावी संचालन में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं पर ही देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि

## मुख्यमंत्री ने नव चयनित खनि निरीक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र



खनिज विभाग में नई नियुक्तियों से विभागीय कार्यबल मजबूत होगा तथा खनिज अन्वेषण और खनन गतिविधियों को और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त खनि निरीक्षक अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए खनिज प्रशासन से जुड़े कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, लाइमस्टोन, टिन, डायमंड, गोल्ड और लिथियम सहित विभिन्न खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। खनिज राज्य के राजस्व का प्रमुख स्रोत भी हैं और सरकार खनिज राजस्व में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवनियुक्त अधिकारियों को खनिज राजस्व वृद्धि में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनि निरीक्षक के रूप में आप सभी के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य के संसाधनों के संरक्षण और सुव्यवस्थित उपयोग में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### 30 को दिए गए नियुक्ति पत्र

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को 33 खनि निरीक्षकों की चयन सूची जारी की गई थी। खनिज साधन विभाग द्वारा 19 फरवरी 2026 को कुल 32 खनि निरीक्षकों की नियुक्ति आदेश जारी किए गए, जिनमें से 30 नव चयनित खनि निरीक्षकों को आज मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, सचिव खनिज साधन विभाग पी. दयानंद, संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म रजत बंसल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 20 से 24 फरवरी तक चार दिवसीय आयोजन

# बीटीआई ग्राउंड पर आज से सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा ट्रेड महोत्सव, 4 भव्य डोम, थीम आधारित पेवेलियंस

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में 24 को कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो का समापन




हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कैट के तत्वावधान में 20 से 24 फरवरी तक सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े ट्रेड महोत्सव का आगाज शंकर नगर के बीटीआई ग्राउंड पर होने जा रहा है। इसमें चार भव्य डोम, थीम आधारित पेवेलियंस और आकर्षक संरचनाएं आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामय उपस्थिति में कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो का 24 फरवरी को समापन होगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें इस भव्य व्यापारिक आयोजन में शामिल होने आमंत्रित किया है। श्री साय ने नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 के पोस्टर का विमोचन किया और एक्सपो के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की। उन्होंने ष्ट्रीय स्तर के व्यापारिक आयोजन के लिए कैट और आयोजक टीम को बधाई दी।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक्सपो की पूरी रूपरेखा, उद्देश्य तथा इसके माध्यम से देशभर के व्यापारियों, उद्यमियों और स्टार्टअप्स को मिलने वाले अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि यह एक्सपो व्यापार एवं उद्योग को नई दिशा देने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 जैसे आयोजन राज्य के व्यापार, उद्योग और रोजगार संवर्धन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। ऐसे मंच वोकल फॉर लोकल और "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए स्थानीय उद्यमियों, लघु उद्योगों एवं व्यापारियों को नए बाजारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी अमर पारवानी, परमानंद जैन, भरत जैन, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, कान्ति पटेल, रतनदीप सिंह,नीलेश मुंदडा उपस्थित रहे।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)**
Telephone: (0771) – 2574 123,2574 130 Website: www.cspdcl.co.in e-mail: eitc.esc@cspc.co.in

No. 07-01/EITC/ESC/Tr-415/1984 Raipur, dated: 18-Feb-2026

NOTICE INVITING TENDER

1.Sealed offers are invited from experienced bidder for –

| Tender Specification No. | Particulars of Work | Tender Document Cost Rs. | EMD Rs. | Due Date and time for bid submission / Opening |
|---|---|---|---|---|
| Tr-415 & Rfx No. 8100049437 | Deployment of experienced manpower for onsite support & maintenance of e-Office & Web Applications for a period of three years. | Rs. 5000/= inclusive of GST @18% | Rs. Two Lakhs | 11-Mar-2026 up to 03:00 PM (Submission) / 03:30 PM (Opening) |

2.For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in / **tender / tender notices / central offices** and e-bidding portal.3.Any corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.

SAVE ELECTRICITY — Executive Director (EITC)

**कार्यालय नगर पंचायत भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

क्र./832/ लो.नि.वि./न.पं./2025-26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 19/02/2026

**// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

Main Portal:- https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. में) | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 185924 | CONSTRUCTION OF SHOPPING COMPLEX AT DALLIRAJHARA ROAD WARD NO. 03 BHANUPRATAPPUR (निकाय/ प्रीमियम मद) | 168.55 | 126500.00 | 12 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |

उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें उल्लेखित वेबसाईट एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता हैं एवं नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

ई-प्रोक्यूरमेंट बीड सबमिट करने की अंतिम तिथि 05/03/2026 दिन गुरूवार को शाम 5.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 06/03/2025 शुक्रवार को शाम 5.30 बजे तक तथा ई-निविदा खोलने की तिथि 09/03/2026 सोमवार को प्रातः 11.00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

# वित्त मंत्री का एआई जनरेटेड वीडियो दिखाकर इंश्योरेंस एजेंट से छह लाख की ठगी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में पेशे से इंश्योरेंस एजेंट ने अज्ञात के खिलाफ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का फर्जी एआई जनरेटेड वीडियो दिखाकर निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर छह लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज के फेसबुक में एआई जनरेटेड वीडियो देख प्रभावित होकर जालसाजों के जाल में फंसकर ठगी का शिकार हुआ है। छत्तीसगढ़ नगर निवासी पुखराज साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुखराज ने पुलिस को बताया है कि पिछले वर्ष सितंबर 2025 में उसने फेसबुक में केंद्रीय वित्त मंत्री का एक वीडियो देखा। वीडियो में केंद्रीय वित्त मंत्री कह रही थीं कि देश में बेरोजगारी बढ़ रही है, हम एक स्कीम लेकर आएंगे, जिसके तहत बेरोजगारों को प्रति दिवस एक से दो हजार रुपए प्राप्त होंगे तथा इससे बेरोजगारी भी दूर की जा सकती है। वीडियो देखने के बाद पुखराज ने उसे रजिस्टर्ड कर लिया।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रुझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**
**MAHATMA GANDHI UNIVERSITY OF HORTICULTURE & FORESTRY, DURG (C.G.)**
उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सिलफिली, सूरजपुर (छ.ग.)
COLLEGE OF HORTICULTURE AND RESEARCH STATION, SILPHILI, SURAJPUR (C.G.)

No./CHRS/Acad./GT/2025-26/566 **WALK-IN-INTERVIEW** Date: 16/02/2026

Applications are invited from eligible candidates to appear in a walk-in- interview for Guest Teacher in the following disciplines (purely on a contractual basis).

| S.No. | Discipline | No. of Post | Date of Interview | Qualifications |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Fruit Science | 01 | 09/03/2026 (10:00 AM Onwards) | Master's degree and NET in concerned subjects as prescribed for Assistant Professor MGUVV, preference will be given to NET/ Ph.D. in Concerned subjects. |
| 2. | Vegetable Science | 01 | | |
| 3. | Floriculture and Landscaping | 01 | | |
| 4. | Plant Pathology | 01 | 10/03/2026 (10:00 AM Onwards) | |
| 5. | Genetics and Plant Breeding | 01 | | |

Applications of the candidates must reach to "Office of the Dean, College of Horticulture and Research Station Silphili, Surajpur (C.G.), Govt. College, Silphili, Distt. Surajpur (C.G.) 497001" Latest by 02/03/2026 (Before 5:00 PM) by speed or registered post only and interview will be held as above at the same place. No separate interview call will be issued. Details information regarding qualification, pay, other terms and conditions, and application Proforma may be downloaded from http://www.mguvv.ac.in.

**Dean, College of Horticulture and Research Station Silphili, Surajpur (C.G.),**

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56-57, इन्स्टीट्युशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058

**आयुर्वेद गुरुकुलम् की संबद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण**

आयुर्वेद गुरुकुलम् के अंतर्गत दो वर्षीय प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) हेतु कुल साढ़े सात वर्ष की अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद गुरुकुलों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है। तदनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धत राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा राजपत्र में अधिसूचित विनियमों के अंतर्गत आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु योग्य संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करता है। आयुर्वेद गुरुकुलों का उद्देश्य सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम एवं BAMS पाठ्यक्रम के अनुरूप आयुर्वेद में पारम्परिक गुरुकुल-आधारित शिक्षा प्रदान करना है।

आयुर्वेद गुरुकुलों में प्रवेश कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्रों अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इच्छुक संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते हैं - https://www.sanskrit.nic.in/ayurveda_gurukulam.php विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: www.sanskrit.nic.in

दिनांक: 09.02.2026 — हस्ता/- कुलसचिव

CBC- 21212/12/0005/2526

केनरा बैंक Canara Bank — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **13/03/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स कृष्णा एंटरप्राइजेज प्रोपराइटर- कनक रमानी** प्रथम तल एसएस प्लाजा पावर हाउस रोड कोरबा छत्तीसगढ़-495677 जमानतदार (1) श्री सुनील रमानी पुत्र सी एल रमानी (2) श्री संजय रमानी पुत्र चंदर लाल रमानी **मेसर्स कृष्णा शू मॉल द्वारा प्रोपराइटर- श्री सुनील रमानी पुत्र सी एल रमानी** वार्ड क्रमांक 01, दलिया गोदाम के पास रामसागरपारा कोरबा, छ.ग.-495678 **जमानतदार- श्री संजय रमानी पुत्र चंदर लाल रमानी** | दुकान संख्या जीएफ-13 (भूतल), सिटी सेंटर - कोरबा, साकेत नगर पावर हाउस रोड, वार्ड नंबर 2, कोरबा सिटी, पीसी नंबर 09, आर.आई.सी. कोरबा, तहसील और जिला - कोरबा, (छत्तीसगढ़) बिल्टअप क्षेत्रफल: 733.31 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 953.30 वर्गफिट) संपत्ति मालिक- श्री सुनील रमानी पुत्र सी एल रमानी चर्तुसीमाएं: उत्तर: दुकान नंबर जीएफ-14, 16 एवं 17, दक्षिण: दुकान नंबर जीएफ-12, पूर्वः गलियारा, पश्चिमः खुला क्षेत्र. दुकान संख्या जीएफ-14 (भूतल), सिटी सेंटर - कोरबा, साकेत नगर पावर हाउस रोड, वार्ड नंबर 2, कोरबा, पीसी नंबर 09, आर.एन.एम, कोरबा सिटी, तहसील और जिला - कोरबा, (छत्तीसगढ़) बिल्टअप क्षेत्रफल: 445.08 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 578.60 वर्गफिट) संपत्ति मालिक- श्री सुनील रमानी पुत्र चंदर लाल रमानी और श्री संजय रमानी पुत्र चंदर लालरमानी चर्तुसीमाएँ: उत्तर: दुकान संख्या जीएफ-15, दक्षिण: दुकान संख्या जीएफ-13, पूर्वः गलियारा, पश्चिमः दुकान संख्या जीएफ-16 और 17 — सांकेतिक कब्जा | 28.10.2024 / 04.01.2025 / दि. 18/02/2026 को ₹ 93,53,334.89 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 1,27,00,000/- / ₹ 12,70,000/- / ₹ 10000/- |


धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 12/03/2026, या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 13/03/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 18.02.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## शब्द पहेली - 6144



**बाएँ से दाए-**
1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लजाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

### शब्द पहेली -6143 का हल



## सूडोकु नवताल- 6154

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6153 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# चावल उत्सव आज से, परिवहन बनेगा वितरण में बाधा, नहीं हो पाया अभी तक कई दुकानों में भंडारण

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राज्य सरकार शुक्रवार से चावल उत्सव मनाने जा रही है। इसके तहत प्रदेशभर के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में एक साथ दो महीने का चावल वितरण होगा, लेकिन अनेकों दुकानों में अब तक चावल का भंडारण ही नहीं किया जा सका है, जिसके कारण कार्ड धारकों को दो महीने का चावल तो दूर, एक महीने का चावल भी नहीं मिल पाएगा। राशन दुकानों में चावल सप्लाई की धीमी गति की वजह ट्रांसपोर्ट एजेंसियां हैं, जिनके द्वारा गाड़ियां बहुत कम उपलब्ध कराई जा रही हैं। हालांकि कम गाड़ियां उपलब्ध कराए जाने का कारण ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को हर महीने संबंधित विभाग द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया जाना बताया जा रहा है। कारण चाहे जो भी है, लेकिन इसका असर हितग्राहियों के साथ दुकान संचालकों पर भी पड़ेगा। चावल का भंडारण नहीं होने से हितग्राही जहां राशन दुकान का तथा संचालक को गोदाम के चक्कर काटने के लिए मजबूर होंगे।

### साफ्टवेयर में तकनीकी दिक्कत के कारण आज से बंटेगा एक साथ दो माह का चावल

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने चालू माह की 20 तारीख से प्रदेशभर की राशन दुकानों में चावल उत्सव कार्यक्रम के तहत फरवरी और मार्च के कोटे का चावल एक साथ कार्ड धारकों को वितरण करने का आदेश जारी किया है। हालांकि यह चावल उत्सव पहले 1 फरवरी से शुरू किया जाना था, लेकिन साफ्टवेयर में तकनीकी दिक्कत के कारण किसी कार्ड धारक का एक माह तो किसी का दो माह का चावल ऑनलाइन शो कर रहा था। सूत्र के अनुसार इस तकनीकी दिक्कत को ठीक करने के लिए ही चावल उत्सव कार्यक्रम की तारीख बढ़ाकर 20 फरवरी की गई है। सूत्र से पता चला कि पिछले 6 महीनों से ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को विभाग की ओर से भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण ट्रांसपोर्ट एजेंसियों के संचालक भी डिमांड एवं अनुबंध की तुलना में बहुत कम गाड़ियां नागरिक आपूर्ति निगम को उपलब्ध करा रहे हैं। सूत्र से यह भी खबर मिली है कि परिवहन विभाग के वाट्सप ग्रुप में एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी के संचालक ने भुगतान नहीं होने के कारण मैसेज भी किया है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा है कि लंबित राशि का भुगतान जब तक नहीं होगा, तब तक वाहन की संख्या नहीं बढ़ाएंगे।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./कार्य. यंत्री/सामा./सू.प्रकाशन /3713 पत्थलगांव, दिनांक : 19/02/2026

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वितरण केन्द्र कोतबा के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जामझोर में 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता के स्थान पर 5.00 एम.व्ही.ए. क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित करने हेतु दिनांक 22.02.2026 दिन रविवार को सुबह 9.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जामझोर एवं कोतबा से निकलने वाली सभी 11 के. व्ही. फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं समय | दिन | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित 11 के.व्ही. फीडर का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 22.02.2026 समय सुबह 09.00 बजे से शायं 06:00 बजे तक | रविवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जामझोर | 11 के.व्ही. कुकुरभुका पम्प |
| | | | | 11 के.व्ही. कुकुरभुका बस्ती |
| | | | | 11 के.व्ही. बागबहार ग्रामीण |
| | | | | 11 के.व्ही. बागबहार शहर |
| | | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोतबा | 11 के.व्ही. झिमकी |
| | | | | 11 के.व्ही. फरसाटोली |
| | | | | 11 के. व्ही. राजाआमा |
| | | | | 11 के.व्ही. कोतबा |

नोट :- आवश्यकतानुसार कार्य की समय-सीमा बढ़ाई व घटाई जा सकती है।
// स्वहित व राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाऐं //
// विद्युत बिलों का समय पर भुगतान करें //

**कार्यपालन यंत्री (सं./सं.), संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., पत्थलगांव**

**डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल** Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

**मोतियाबिंद** आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

**अष्टविनायक हॉस्पिटल**
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
**मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल** डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

# हंगामेदार होगा बजट सत्र, विधायकों ने लगाए 2649 सवाल

**रायपुर।** विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधायकों ने अब तक 2649 सवाल लगाए हैं। 23 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए विपक्ष की ओर से सरकार को घेरने की तैयारी की जा रही है। राज्य में प्रशासनिक अराजकता, कानून व्यवस्था की स्थिति और किसानों का पूरा धान नहीं खरीदने को लेकर कई सवाल लगाए गए हैं। वहीं स्थगन और ध्यानाकर्षण के माध्यम से सवाल उठाए जाएंगे। बताया जाता है कि विपक्ष के आरोपों के बीच सदन की कार्यवाही हंगामेदार होने की संभावना है। 15 दिन चलने वाले बजट सत्र के लिए रणनीति बनाने दोनों दलों के विधायक दल की बैठकों में चर्चा होगी। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। वहीं दूसरे दिन 24 फरवरी को बजट पेश किए जाने की संभावनाओं के बीच अभिभाषण पर चर्चा तीसरे दिन से कराए जाने की संभावना है। परंपरा अनुसार अभिभाषण के बाद दूसरे दिन से धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों और अन्य विषयों को लेकर कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में समय तय होगा। दूसरे दिन बजट पेश किए जाने के बाद पहले सप्ताह में सामान्य चर्चा कराई जाएगी। सत्र के दौरान होली अवकाश के बाद विभागीय बजट और अनुदान मांगों पर चर्चा कर पारित किए जाएंगे।

विपक्ष लाएगा जनहित के मुद्दों पर स्थगन

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधायकों ने अब तक 2649 सवाल लगाए हैं। सत्र के दौरान

दर-दाँत (गम पेंट)
मसूड़े, मुंह के छाले, दांत दर्द और ... यह आयुर्वेदिक दवा है, ... 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
HMS

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- टेलीकॉलर- 5 (5- 10K) (12वीं, ग्रेजुएट) बैक आफिस एक्जीक्यूटिव- 2 (8- 15K) (एमबीए) मार्केटिंग स्टाफ-4 (10- 10K) (ग्रेजुएट) चाहिए सम्पर्क करें- शॉप-12, थर्ड फ्लोर, रामा मैग्नेटो मॉल बिलासपुर 91795 16482, 07752429944 (40010)

आवश्यकता है- घरेलू+ आफिस के ऊपरी कार्य हेतु लड़का (12वीं पास) एवं फील्ड कार्य हेतु एक कम्प्यूटर जानकार ऑपरेटर लड़का चाहिए पता- शॉप नं.-2, अरपा कॉम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7067124226, 9893081826 (40009)

आवश्यकता है- बिलासपुर की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी में आफिस एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। योग्यता किसी भी विषय में स्नातक, रीयल एस्टेट में अनुभवी को प्राथमिकता, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, वेतन योग्य उम्मीदवार हेतु कोई सीमा नहीं सम्पर्क- 96300 23355 (40012)

आवश्यकता है- GK Group (builders and developers) में 1 Female आफिस असिस्टेंट मैनेजर एवं टेलीकॉलिंग के लिए अनुभवी candidate with tally basic computer knowledge. सम्पर्क करें- 9827072000, 9770770000 (40013)

आवश्यकता है- साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580 9827887934 (40016)

**आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में सेल्स एंड मार्केटिंग पर्सन, ऑफिस कार्य हेतु टेलीकॉलर शिक्षित, लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन 10000 से 50000+ बोनस+ कमीशन +पेट्रोल, बाइक अनिवार्य। रिज्यूम व्हाट्स एप्प करें- 9608777772, अनुभवी उम्मीदवार ही सम्पर्क करें-एस.एस. प्लाईवुड महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (561)**

**आवश्यकता है- मिठाई एवं नाश्ता बनाने के लिए हलवाई मिस्त्री की आवश्यकता है (मिस्त्री का वेतन 18000 से 30000) एवं काम करने हेतु लड़का/ लड़की चाहिए पता- यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 93005 21234 (39997)**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा शोरूम में पुरुष सेल्समैन चाहिए। मेन्स, लेडिस वियर में 3 से 4वर्ष का अनुभव आवश्यक। वेतन 10000 से अधिक योग्यता अनुसार। पता- नेशनल होयजरी NX, सदर बाजार, बिलासपुर (40015)

आवश्यकता है- बिलासपुर में रहकर या आना जाना करने सफाई कर्मी/ एक परिवार चौकीदार/ अकेली महिला अधेड़ उम्र की एक ड्राइवर अनुभवी नशामुक्त उचित वेतन आवास सुविधा सम्पर्क करें- 9479258223 (40011)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट ऑफिस में टैली कॉलिंग एवं मार्केटिंग के लिए लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है। सैलरी एवं कमीशन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन मोपका बिलासपुर 9827994675, 7747817375 (40017)

आवश्यकता है- ए.सी. दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़के चाहिए सुबह 10:30 से शाम 8.30 तक सम्पर्क करें- रानी सती इलेक्ट्रॉनिक्स होटल मिड टाऊन के सामने, टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 7974927009 (39998)

आवश्यकता है- Aquaguard सर्विस सेन्टर में फील्ड कार्य के लिए 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट बाईक वाले लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हर्ष इंटरप्राइजेस, विनोबा नगर बिलासपुर 90390 14222, 8962337374 (39995)

आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क,9981121036, 8269109014 (1326)

आवश्यकता है-Ocean कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वी से ग्रेजुएट, उम्र 18-28 वर्ष, आय 10500 से 18000, रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर, 8818877406, 96444 33021, 07752337082 (39976)

आवश्यकता है- स्टील/ टीन शीट मशीन ऑपरेटर की आवश्यकता है स्टील/ टीन शीट मशीन का 2+ वर्ष का अनुभव आवश्यक। आकर्षक वेतन। बाहरी उम्मीदवार हेतु रहने खाने की सुविधा उपलब्ध। सम्पर्क- 78286 77986 (39970)

आवश्यकता है- सभी घरेलू काम करने हेतु महिला या फैमिली की। फैमिली सहित आवास की सुविधा रहेगी। सम्पर्क करें- गोविन्द माधव, शांति नगर, गौरव पथ, रिंग रोड 2, बिलासपुर 9827405996, 9827156680 (40001)

आवश्यकता है- बीएससी नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टॉफ की आवश्यकता है संपर्क अंकुर ट्रामा केयर एण्ड नर्सिंग होम उसलापुर रोड बिलासपुर छ.ग. 98271 62325, 7400730011 (39996)

आवश्यकता है- भखुरीडीह सरगांव स्थित क्रेशर प्लांट में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे टैली एक्सेल आता हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9425549722, 8651502408 (39993)

आवश्यकता है- घरेलू कार के लिये कुशल ड्राइवर आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेन्स सहित सम्पर्क करें- 9244122393 (40004)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता। कार्य दवाई निकालना, पैकिंग, माल भेजना। सम्पर्क करें– मेलाराम हेमंत कुमार, शॉप नम्बर 54, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 79999 34599 (40003)

आवश्यकता है- सांई पेट क्लीनिक एवं पेट शॉप में कार्य करने हेतु गर्ल्स स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन 8000 पता- अमलतास कॉलोनी, मंगला चौक के पास, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9329806201 (39994)

आवश्यकता है- निजी नर्सिंग होम/ प्रसूति गृह में महिला सफाई कर्मी की आवश्यकता है केवल नाइट ड्यूटी हेतु सम्पर्क करें- 7693807006, 98261 34710 (39999)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- जया ऑटोमोबाइल्स मन्दिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 87701 91423, 9827133335 (40000)

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ सफाई कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। अधिकतम उम्र 25वर्ष। सम्पर्क करें- A-214 श्री नारायण प्लाजा श्रीकांत वर्मा मार्ग चौक लिंक रोड बिलासपुर 93006 60864, 9174408884 (39991)

आवश्यकता है- फुल टाइम एकाउंटेंट चाहिए जिसे Tally Prime में काम करना एवं einvoice, eway bill बनाना आता हो सम्पर्क करें- अविनाश मोदी, पी-2, संजय अपार्टमेंट, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (39990)

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु मिस्त्री, हेल्पर एवं रोटी बनाने तथा बर्तन धोने हेतु बाई की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- फुड जोन ईदगाह रोड बिलासपुर 9039791624 (39988)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (39989)

आवश्यकता है- यश सुपर बाजार में सेल्स हेतु लड़के, लड़कियां एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर (लड़का) चाहिए पता- (1) रिंग रोड नं.-2 महाराणा प्रताप चौक (2) भारतीय नगर चौक व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9981063081 (39985)

आवश्यकता है- सलवार सूट ब्लाउज सिलाई करने वाले महिला एवं पुरुष टेलर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8349224579 (39983)

आवश्यकता है- तिफरा बिलासपुर में 4 साल की बच्ची का काम करने के लिए एक लड़की की आवश्यकता है। कार्य समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक। सम्पर्क करें- 9826307980 (39992)

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (39984)

आवश्यकता है-माल वाहक इलेक्ट्रीक ऑटो चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर फोन 07752 405795 (39978)

आवश्यकता है-बीमा सम्बन्धी कार्य हेतु शिक्षित युवक/ युवतियों की आवश्यकता है जिन्हें सामान्य इंग्लिश का ज्ञान हो, तथा स्वयं का दो पहिया वाहन हो। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 9644481028, 8103713713 (39975)

आवश्यकता है-मेडिकल दुकान में कार्य करने हेतु डी.फार्मा पास, Marg साफ्टवेयर अनुभवी लड़के की आवश्यकता है। डी.फार्मा रजिस्टर्ड हो। वेतन योग्यता अनुसार कागज सहित सम्पर्क करें- जूना बिलासपुर 91110 00629 (39981)

आवश्यकता है-सिलपहरी कोल्ड स्टोर में टैली अनुभवी एकाउंटेंट कार्य का जानकार युवक एवं पिकअप कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 9827115208 (39973)

आवश्यकता है-बिलासपुर में फील्ड मार्केटिंग के लिए लड़का एवं लड़की चाहिए। वेतन 9000 से 12000+ कमीशन। फील्ड वर्क, डोर टू डोर प्रमोशन। सम्पर्क करें- 9109511248, 99937 11248 (39982)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- मंगला चौक, बिलासपुर 7805932585, 7803948440 (533)

हमारा अशियाना

META PROPERTIES
3BHK VILLA & PLOTS AVAILABLE
VIP CITY, Saddu, Vidhan Sabha, Raipur, C.G.
812 000 8290
Khanna Advt.

आवश्यकता है-बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39881)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु 2-लड़कियां, 2-लड़के, 2-ड्राइवर एवं होटल साईड के लिए 1-चौकीदार की आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार/ अनुभवी को प्राथमिकता), संपर्क- राजेश गुप्ता, अरमान ट्रेवल्स, मंगला रोड 7697041000, 98935 90132 (539)

आवश्यकता है- कुशल लेथ मिस्त्री, वेल्डर जिसे गैस कटिंग आती हो एवं हेल्पर की आवश्यकता है, संपर्क करें:- जोत इंजीनियरिंग कृष्ण जे. सी. बी. के पीछे, बिलासपुर 78280 70065 (538)

## बेचना है

बेचना है- वृन्दावन प्लाजा नेहरू चौक के पास भूतल स्थित शाप A-14 (163 वर्गफुट) एवं ओम स्पेस कालोनी सकरी स्थित सर्वसुविधायुक्त आवासीय प्लाट बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- राकेश श्रीवास्तव 9827195028 (40018)

बेचना है- रामा वर्ल्ड कालोनी फेस-1 में 32.8'×65.6' (2153 वर्गफुट) प्राइम लोकेशन, कार्नर प्लाट। वास्तु वैभव, रहंगी 38'×45.50' (1727 वर्गफीट) डायवर्टेड प्लाट, 36'09₹×46'05₹ (1707 वर्गफीट) डायवर्टेड कार्नर प्लाट। कोरमी रायपुर- रायगढ़ राजमार्ग से 1km 3564 वर्गफीट प्लाट सम्पर्क- 9131211433 (40005)

बेचना है- शहर के मध्य सुमंगल अपार्टमेंट सेकंड फ्लोर लिंक रोड में 3बीएचके एवं सुमंगल अपार्टमेंट के नीचे तीन दुकानें बेचना है सम्पर्क करें- केवल खरीददार ही राजेश छुगानी 8982330000 (40014)

बेचना है- जमीन एवं 6 से 7 कमरों का मकान नया सरकंडा बंगालीपारा बिलासपुर में 7600 वर्गफुट डबल रोड पर स्थित बेचना है सम्पर्क करें- 99816 36739 (40007)

बेचना है-बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक भाटिया पेट्रोल पंप के सामने मेन रोड से 100 मीटर की दूरी पर डबल रोड का 2BHK मकान बेचना है प्लॉट साइज 22×45 सम्पर्क करें- 62650 41277, 8361997770 (532)

## वाहन बेचना है

वाहन बेचना है- न्यू मॉडल टाटा सफारी XZ, 2.0 डीजल BSVI टॉप मॉडल (2021-2022) (बिना सनरूफ) व्हाइट कलर बेचना है। 49500 KM चली हुई शोरूम सर्विस रिकॉर्ड एड आन इंश्योरेंस जनवरी 2027 तक CG-10 पासिंग नंबर कीमत मात्र 14,00000/- रुपये संपर्क करें- 11:00 से 3:00 मो. 9098118228 (6682)

## किराया

किराया- बिलासपुर नेहरू नगर में सर्व सुविधायुक्त 2BHK फर्स्ट फ्लोर में किराए से देना है गाड़ी रखने के लिये पोर्च उपलब्ध है। शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827153281 (40008)

Medicare Specialists

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## फायनेंस

फायनेंस- कुबेर फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15लाख तक 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, सम्पर्क- 8882627857 (4355)

फायनेंस- विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) 7587708423 (535)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## खबर संक्षेप



### कर्नाटक व जम्मू-कश्मीर के बीच होगा फाइनल

**लखनऊ।** कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड के खिलाफ ड्रॉ हुए सेमीफाइनल मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर 11 साल के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। कर्नाटक 24 फरवरी से हुबली में होने वाले फाइनल में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। अब कर्नाटक की निगाहें अपने नौवें रणजी ट्रॉफी खिताब पर लगी होंगी। उसने आखिरी रणजी खिताब 2014-15 सत्र में आर विनय कुमार की कप्तानी में जीता था। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर की नजरें अपने पहले रणजी खिताब पर होगी जो छह दशकों में पहली बार फाइनल में पहुंचा है।

### सितंबर में आयोजित की जाएगी लद्दाख मैराथन

**नई दिल्ली।** विश्व में सबसे ऊंचाई वाले स्थान पर होने वाली प्रतिष्ठित लद्दाख मैराथन इस साल 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। एआईएमएस से प्रमाणित लद्दाख मैराथन को दुनिया की सबसे



चुनौती पूर्ण मैराथन माना जाता है जिसमें सिल्क रूट अल्ट्रा (122 किमी) और खारदुंग ला चैलेंजर अल्ट्रा रेस (72 किमी) आकर्षण का केंद्र होंगे। खारदुंग ला में 17,618 फीट की ऊंचाई पर होने वाली इन दोनों दौड़ में मैराथन और अल्ट्रा मैराथन का अनुभव रखने वाले धावक ही भाग ले सकते हैं। इस मैराथन के लिए पंजीकरण गुरुवार से शुरू हो गए हैं। इसमें भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। दो अल्ट्रा मैराथन के अलावा इसमें मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 11.2 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान पर लगा प्रतिबंध

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के प्रेसिडेंट तारिक बुगती ने होटल पेमेंट में हुई गड़बड़ी के बाद इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान शकील अम्माद बट पर भी 2 साल का प्रतिबंध लगाया है। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल टीम ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहां उनके रहने तक की सही व्यवस्था नहीं थी और पाकिस्तानी कप्तान ने सोशल मीडिया के जरिए बदइंतजामी की पोल खोली थी। बुगती ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपना इस्तीफा सौंप दिया। बुगती ने गुरुवार, को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल असीम मुनीर दोनों से ऑस्ट्रेलिया में हुई घटना की पूरी जांच करने का आग्रह किया।

### यूसुफ ने बताया, बाबर आजम के कारण क्यों छोड़ना पड़ा था चयनकर्ता का पद

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने टी-20 विश्व कप में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम को लेकर खुलकर अपनी नाराज़गी जाहिर की है।



यूसुफ ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि टीम का चयनकर्ता रहते हुए उन्होंने बाबर को टीम से बाहर करने का सुझाव दिया था, लेकिन टीम प्रबंधन ने इसका कड़ा विरोध किया था। इसी मतभेद के चलते यूसुफ ने चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। यूसुफ ने एक पॉडकास्ट में कहा, मैं पिछले 2-3 साल से कह रहा था कि बाबर की तकनीक खराब हो गई है। मैं सुन रहा था कि वह फॉर्म में नहीं है, लेकिन वह आउट-ऑफ-फॉर्म भी नहीं है।

# टी-20 विश्व कप 2026: सुपर-8 में भारतीय टीम की द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे व वेस्ट इंडीज से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम सुपर-8 में पहुंच चुकी है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अपने शुरुआती 3 मैच जीतते ही सुपर-8 का टिकट हासिल किया था। नियमों के मुताबिक, चारों ग्रुप में से हर एक से शीर्ष-2 टीमें अगले दौर में पहुंचती हैं। गत विजेता भारतीय टीम को सुपर-8 के ग्रुप-1 में रखा गया है। आइए इस ग्रुप से जुड़ी सभी जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

### सुपर-8 में ग्रुप-1 में शामिल है भारतीय टीम

सुपर 8 प्री-सीडिंग में, भारत को वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के साथ ग्रुप-1 में रखा गया है। दूसरी तरफ इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें ग्रुप-2 में मौजूद है। इस ग्रुप की बची हुई टीम पाकिस्तान या यूएसए में से एक होगी। बता दें कि ग्रुप-1 की टीमें अपने सभी मैच भारत में खेलेंगी, जबकी ग्रुप-2 की टीमों के मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे।



### अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में सुपर 8 में भिड़ंत

भारत 22 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। प्रोटियाज टीम ने भी अपने ग्रुप के चारों मैचों में जीत दर्ज की है। इसके 4 दिन बाद 26 फरवरी को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सूर्यकुमार के नेतृत्व वाली टीम जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में 1 मार्च को ये मैच खेला जाएगा।

### टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम का प्रदर्शन

भारत ने अपने पहले मैच में यूएसए क्रिकेट टीम को 29 रन से हराते हुए अपने अभियान की शुरुआत की थी। अपने दूसरे मुकाबले में भारत ने नामीबिया को 93 रन से करारी शिकस्त दी। इसके बाद सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम ने पाकिस्तान को 61 रन से हराया।भारत ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में नीदरलैंड को भी हरा दिया।

### अपने तीसरे खिताब की तलाश में है भारतीय टीम

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2007 में टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाया था। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम 2024 में दूसरी बार विजेता बनी थी। भारतीय टीम इस बार अपना तीसरा खिताब जीतने की पुरजोर कोशिश कर रही है। इसके अलावा भारतीय टीम 2014 के संस्करण में उपविजेता रही थी। भारत के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार इस प्रतिष्ठित खिताब को अपने नाम किया है। इनके अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया 1-1 बार विजेता बनी है।

## टी-20 विश्व कप 2026 : इटली की टीम 123 रन पर सिमटी

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से हराया जोसेफ ने लिए 4 विकेट, लपके 4 कैच

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। इस विश्व कप में वेस्टइंडीज की लगातार चौथी जीत है। वहीं, इटली का इस विश्व कप में सफर खत्म हो गया। उसने 4 मुकाबले खेले और उसे 1 मैच में नेपाल के खिलाफ जीत मिली। मैच में वेस्टइंडीज ने 165/6 का स्कोर बनाया।

जवाब में इटली 123 रन ही बना पाई। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अनुकूल दिख रही पिच पर इटली के स्पिनरों के सामने खुलकर नहीं खेल पाए लेकिन उसने होप (46 गेंद पर 75 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन पर आउट हो गई। उसका कोई भी बल्लेबाज 30 रन की संख्या तक नहीं पहुंच पाया।

### मैच का लेखा-जोखा

मैच में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। उनके अलाााव शेरफन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज के बल्ले से 24-24 रन निकले। क्रिशन कालुगामगे ने इटली के लिए सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में इटली के लिए कोई बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने घातक गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।



### ऐसी रही होप की पारी

होप ने 46 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 163.04 की रही। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 11वां अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों में पूरा किया। होप ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया। इससे पहले उन्होंने नेपाल के खिलाफ 61* रन की पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने टी-20 विश्व कप में 152.32 की स्ट्राइक रेट से 262 रन बनाए हैं।

### होल्डर के 300 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

जेसन होल्डर अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने उतरे। उन्होंने अब तक 69 टेस्ट, 138 वनडे और 93 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। होल्डर ने टेस्ट में 30.39 की औसत से 162 विकेट लिए हैं, जबकि वनडे में उनके नाम 36.96 की औसत से 159 विकेट दर्ज हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वह 106 विकेट चटका चुके हैं। होल्डर ने बल्ले से भी योगदान दिया है और टेस्ट में 3,073, वनडे में 2,237 तथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 789 रन बनाए हैं।

### अकील हुसैन ने पूरे किए 250 टी-20 विकेट



अकील हुसैन अपना 271वां टी-20 मुकाबला खेलते हुए एक बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 250 विकेट पूरे कर लिए। अपने करियर में अकील अब तक 5 बार 4 विकेट हॉल और 2 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं। मैच में उन्होंने 3 ओवर की कसी हुई गेंदबाजी की और 25 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उनकी इकॉनमी 8.30 की रही। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अकील के नाम 94 मैचों में 89 विकेट दर्ज हैं।

### जोसेफ ने लिए 4 विकेट, 4 कैच

जोसेफ ने 4 ओवर में 30 रन खर्च किए और 4 विकेट लिए। उन्होंने 7.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। इस खिलाड़ी ने 4 कैच भी लपके। जोसेफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पहले खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने एक ही मैच में 4 विकेट हॉल के साथ 4 कैच भी लपके हैं। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला ही 4 विकेट हॉल रहा। उन्होंने अब तक 19 मुकाबले खेले हैं और 24 विकेट लेने में सफल रहे हैं।

## टी20 वर्ल्ड कप

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को घर में घुसकर रौंदा, जीत की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जिम्बाब्वे की टीम कमाल कर रही है। अब उसने श्रीलंका को उसी के घरेलू मैदान पर 6 विकेट से हरा दिया है। कोलंबो में खेले गए मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 178 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में जिम्बाब्वे ने 3 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। इससे पहले जिम्बाब्वे की टीम इसी वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को हरा चुकी है। बताते चलें कि यह अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास में जिम्बाब्वे का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है. वहीं जिम्बाब्वे की टीम ग्रुप बी में टॉप पर रही। इस मैच में टॉस जीतकर श्रीलंका पहले बैटिंग करने आई थी, उसने पथुम निसांका के अर्धशतक की बदौलत स्कोरबोर्ड पर ठीक ठाक रन 179 रन भी बनाए थे। मगर सिकंदर रजा और उनकी सेना एक और बड़ा उलटफेर करने के मूड़ में मैदान में उतरी थी और उसने अपने जीत के अभियान को जारी रखा।

### खूब गरजा सिकंदर रजा का बल्ला

एक छोर ब्रायन बैनेट ने संभाला हुआ था, जो मैच में 63 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पारी के 12वें ओवर में कप्तान सिकंदर रजा बैटिंग करने आए। उन्होंने अपनी पारी की पहली 9 गेंदों में सिर्फ 6 रन बनाए थे, जिसके बाद उन्होंने चौके और छक्कों की बारिश करनी शुरू कर दी। अगली 16 गेंदों में सिकंदर ने 39 रन जड़ डाले। आखिरी 10 ओवर में जिम्बाब्वे को जीत के लिए 101 रन बनाने थे. वो सिकंदर रजा की 45 रनों की तूफानी पारी का ही नतीजा रहा कि जिम्बाब्वे 179 के विशालकाय लक्ष्य को हासिल कर पाई।

## क्रिकेट

# बिग बैश लीग का पहला मैच भारत में कराना चाहती है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया




एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता जगजाहिर है। घरेलू मैच से लेकर के अंतरराष्ट्रीय मैच तक हर मुकाबले को देखने के लिए मैदान पर दर्शक मौजूद होते हैं। क्रिकेट की दीवानगी के चलते ही इंडियन प्रीमियर लीग विश्व की सबसे बड़ी क्रिकेट फ्रेंचाइजी लीग है।इस बीच खबर है कि बिग बैश लीग के अगले संस्करण के पहले मैच को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भारत में आयोजित करवाना चाहता है।

### चेन्नई में मैच आयोजित कराने पर विचार

सेन क्रिकेट की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अगले बीबीएल संस्करण के पहले मैच को चेन्नई में आयोजित कराना चाहता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि यह भारतीय और दक्षिण एशियाई दर्शकों को जोड़ने की सीए की बड़ी योजना का हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की फिलहाल ऐसी योजना है कि तमिलनाडु की राजधानी में सालाना गेम आयोजित किया जाए। हालांकि, इस पर भी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मंजूरी की जरूरत होगी।

### भारत में सीए के 2 अधिकारी थे मौजूद

रिपोर्ट के मुताबिक, सीए के 2 सीनियर स्टाफ मेंबर फिल रिग्बी और मार्गोट हार्ले मैच के आयोजन की संभावना तलाशने के लिए भारत में थे। भारत में बीबीएल गेम कराने की यह कोशिश तब हो रही है जब उनकी 8 बिग बैश फ्रेंचाइजी में से कम से कम 2 की बिक्री को लेकर बातचीत चल रही है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सीए की यह योजना कितनी सफल हो पाती है।

### अभिषेक 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचें : गावस्कर

**अहमदाबाद।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अभिषेक शर्मा मौजूदा टी20 विश्व कप में उम्मीदों के दबाव से जूझ रहे हैं और वह चाहते हैं कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज अपनी पारी की शुरुआत में 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचे। अभिषेक ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ वह शुरू में ही आउट हो गए थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''अभिषेक शर्मा बहुत ही अच्छे इंसान हैं, लेकिन उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिख रहा है। अगर उन्होंने अमेरिका के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती तो बात कुछ और होती। अब बड़े छक्के लगाने वाला शीर्ष बल्लेबाज होने का दबाव उन पर साफ दिख रहा है।

# ओमान और खराब फार्म से जूझ रही आस्ट्रेलिया के बीच भिड़ंत आज

**कैंडी।** टी-20 विश्व कप 2026 के 40वें मुकाबले में शुक्रवार (20 फरवरी) को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना ओमान से होगा। यह सुपर-8 चरण शुरू होने से पहले ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला होगा, हालांकि दोनों टीमें पहले ही सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच अब तक सिर्फ एक टी-20 मुकाबला खेला गया है, जिसमें कंगारू टीम ने जीत दर्ज की थी। ओमान और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह मुकाबला कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा। इस पूरे टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी कुछ खास नहीं रही। ऐसे में आखिरी मुकाबले में वह अपना खोया हुआ फॉर्म प्राप्त करना चाहेंगे। ग्लेन मैक्सवेल जो एक भी मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए, वह भी बेहतर प्रदर्शन करने को देखेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, कूपर कॉनॉली, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और एडम जैम्पा।

**ओमान:** जतिंदर सिंह (कप्तान), आमिर कलीम, हम्माद मिर्जा, वसीम अली, करण सोनावाले, जितेन रामानंदी, विनायक शुक्ला (विकेटकीपर), सुफयान महमूद, नदीम खान, शाह फैसल और शकील अहमद।

## तीन मैचों की महिला टी-20 क्रिकेट में 1-1 की बराबरी

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 19 रन से हराकर सीरीज की बराबर

एजेंसी ▶▶| मनुका ओवल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच में 19 रन से हार का सामना करना पड़ा। मनुका ओवल में खेले गए मैच में कंगारू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 163/5 का स्कोर बनाया, जिसमें जॉर्जिया वोल की 88 रन की पारी शामिल रही। जवाब में भारतीय टीम लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की।



### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया से जॉर्जिया और बेथ मूनी (46) ने पहले विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाजों के अलावा अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी क्रीज पर नहीं टिक सकी और मेजबान टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया। जवाब में भारत से शफाली वर्मा (29) और स्मृति मंधाना (31) ने सधी हुई शुरुआत की। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (36) और विकेटकीपर ऋचा घोष (19) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सकी।

## पांड्या ने टी-20 के 323 मैच खेले, 279 पारियों में ठोके 6,008 रन

# हार्दिक पहले भारतीय जिसने लिए 6,000 से ज्यादा रन और 200 से अधिक विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी-20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच के दौरान अहम उपलब्धि हासिल की। दरअसल, उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 30 रन बनाए और अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 6,000 रन पूरे किए। वह टी-20 क्रिकेट में 6,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ-साथ 200 से अधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय ऑलराउंडर बने।

### पांड्या के टी-20 क्रिकेट के आंकड़े

पांड्या ने अब तक 323 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 279 पारियों में उन्होंने 6,008 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 91 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 25 अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 262 पारियों में 220 से अधिक विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा।




### बेमिसाल है टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर

पांड्या टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 2,000+ रन और 100+ विकेट ले चुके हैं। अब तक इस खिलाड़ी ने 133 मुकाबले खेले हैं। इसकी 104 पारियों में लगभग 30 की औसत के साथ 2,100 से अधिक रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले हैं। गेंदबाजी में पांड्या ने 120 पारियों में लगभग 26 की औसत से 110 विकेट लिए हैं। उन्होंने 3 बार 4 विकेट हॉल अपने नाम किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/16 का रहा है।






# पानी में आसानी से तैर सकता है धरती से 126 करोड़ किमी दूर यह ग्रह



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

हमारे सोलर सिस्टम में 8 प्लेनेट्स हैं, जिनमें से पहले 4 प्लेनेट बुध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल हैं। ये सभी ग्रह चट्टानों, धातु या सिलिकेट से बने हैं। वहीं, अगले 4 प्लेनेट बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपट्यून हैं, जो इनर सोलर सिस्टम को बनाते हैं। ये सभी ग्रह मुख्य रूप से गैसीय संरचना से बने हैं। वहीं, इन 8 ग्रहों में से एक ऐसा भी ग्रह है, जहां लगभग 11 घंटों में पूरी दिन बीत जाता है। इतना ही नहीं, यह ग्रह इतना हल्का है कि आराम से पानी में तैर सकता है।

सौरमंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह शनि सूर्य से लगभग 142.7 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह प्लेनेट हमारी धरती से केवल 126 करोड़ किलोमीटर दूर मौजूद है और साथ ही यह पानी में तैरने की क्षमता भी रखता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसकी डेंसिटी पानी के घनत्व से काफी कम है। बता दें कि शनि का घनत्व तकरीबन 0.68 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर है, जबकि पानी का 1 ग्राम प्रति सेंटीमीटर होता है।

### गैस के गुब्बारे जैसा है ग्रह

शनि ग्रह गैस के एक गोले जैसा ही है। इसमें 94 प्रतिशत हाइड्रोजन और 6 प्रतिशत हीलियम होता है। इसपर एक दिन करीब 11 घंटे का होता है, जबकि इसे सूर्य का चक्कर काटने में 29 साल और 5 महीने का समय लगता है। शनि ग्रह को आप उसके छल्लों के चलते आसानी से पहचान सकते हैं। इतना ही नहीं, आप इसे नग्न आंखों से भी देख सकते हैं। इसे काली घनी रात में आसानी से देखा जा सकता है। बता दें कि शनि पर 1,800 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलती हैं।

### केवल 11 घंटों में निपट जाता है पूरा दिन



### क्यों पानी में नहीं तैर सकते ग्रह?

पानी में तैरनी की क्षमता किसी भी प्लेनेट की डेंसिटी पर निर्भर करती है। अगर किसी प्लेनेट की डेंसिटी पानी से कम है तो वह आराम से पानी पर तैर सकता है। शनि भी पानी में तैरने की क्षमता रखता है, लेकिन कोई भी प्लेनेट पानी में तैरने के लिए सक्षम नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ग्रह बेहद बड़े और भारी होते हैं। वहीं, ग्रह पानी में इसलिए भी नहीं तैर सकते, क्योंकि इनका घनत्व पानी से ज्यादा होता है। ऐसे में ये आसानी से पानी में डूब सकते हैं।

# भारत में पहली एयर टैक्सी तैयार! अब शहरों में उड़ेगी

**ऑफिस-स्कूल भी जाना होगा आसान, देखने के लिए लग गई लंबी लाइन**

नई दिल्ली। क्या आपने कभी सोचा था कि आप ऑफिस जाने के लिए एक ही शहर में एयर टैक्सी का इस्तेमाल करेंगे। बच्चे स्कूल या कॉलेज जाने के लिए बस, ऑटो, टेंपो या रिक्शा नहीं, बल्कि स्कूल और कॉलेज के कैंपस में एयर टैक्सी से उतरेंगे। ऐसी कल्पना आपने नहीं की होगी, लेकिन आपको बता दें कि यह अब सच होने जा रहा है। क्योंकि अब सड़कों से नहीं, बल्कि आसमान में रास्ता बनेगा।

आपको बता दें कि भारत में देश की पहली एयर टैक्सी चलाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसमें एक बार में तीन लोग बैठ सकेंगे और एक ही शहर में ओला, उबर, ऑटो और टेंपो की तरह एयर टैक्सी में आसानी से बैठकर अपने ऑफिस जा सकेंगे। स्कूल कॉलेज या मार्केट तक आपको एयर टैक्सी पलक झपकते ही पहुंचा देगी। भारत सरकार से तो इसकी मंजूरी मिल चुकी है और नागर विमानन महानिदेशालय के साथ मिलकर बची हुई औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है।

### मेड इन इंडिया है एयर टैक्सी

यह जानकारी दी है देश की पहली एयर टैक्सी बना रही 'ई प्लेन' कंपनी ने। आपको बता दें कि भारत मंडपम में इन दिनों देश और दुनिया भर के एक्सपर्ट आए हुए हैं। क्योंकि, यहां इंडिया एआई इंपैक्ट समिट चल रहा है, जिसमें देश की पहली एयर टैक्सी आई तो देश-विदेश तक के लोग इसे देखकर दंग रह गए। इसे देखने वालों की लाइन लग गई। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह मेड इन इंडिया है। यानी भारत ने खुद बनाया है, किसी चीन, जापान या विदेशी कंपनी का यह प्रोडक्ट नहीं है।



### एक बार में बैठ सकेंगे 3 लोग

कंपनी की ओर से मौजूद विकल्प ने बताया कि इस एयर टैक्सी में एक बार में 3 लोग बैठ सकेंगे। इसमें एक पायलट होगा, 2 पैसेंजर होंगे। इसका किराया अभी तय नहीं हुआ है। इसे कैसे बुक करेंगे, इस पर भी अभी काम चल रहा है। 2028 तक पहली एयर टैक्सी चल जाएगी और इसकी शुरुआत अहमदाबाद, चेन्नई, पुणे और बेंगलुरु से की जाएगी। उसके बाद पूरे भारत भर में इसे चलाया जाएगा। 2021 में एक छोटा मॉडल इसका बनाया गया था, जो 9000 किलोमीटर तक उड़ चुका है।

### प्रयोग एकदम सफल रहा

विकल्प ने बताया कि हमारा प्रयोग एकदम सफल रहा है और आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर 2019 से हमारी कंपनी एयर टैक्सी बनाने पर काम कर रही थी। इसकी सबसे खास बात यह है कि एयर टैक्सी एक ही शहर में एक जगह से दूसरी जगह यात्रियों को पहुंचाएगी जिस तरह से बस, ऑटो और रिक्शा यात्री को एक जगह से दूसरी जगह एक ही शहर में पहुंचाते हैं। वैसे ही एयर टैक्सी काम करेगी।

### एयर एंबुलेंस भी बना रहे

विकल्प ने बताया कि उनकी कंपनी ना सिर्फ एयर टैक्सी बना रही है। बल्कि एयर एंबुलेंस भी बना रही है। क्योंकि, सड़कों पर एंबुलेंस ट्रैफिक जाम में फंसी रहती है, जिस वजह से लोगों की जान आफत में आ जाती है। एयर एंबुलेंस बनने से लोगों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय के साथ मिलकर पूरा कॉरिडोर तैयार किया गया है, जिस कॉरिडोर में एयर टैक्सी और एयर एंबुलेंस को चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो वर्तमान में हेलीपैड हैं, उन्हीं पर एयर टैक्सी चलेगी, लेकिन जैसे-जैसे इसकी संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे हम इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाएंगे और हेलीपैड भी बढ़ाएंगे। इसे कैसे बुक करेंगे। इस पर अभी काम किया जा रहा है। अगले दो से 3 महीने के अंदर यह सब कुछ बनकर तैयार हो जाएगा।

**290 किलोमीटर चलने में लगा देती है 8 घंटे!**

# कहने को एक्सप्रेस, मगर है दुनिया की सबसे धीमी ट्रेन

एजेंसी ▶▶| बर्न

भारत में हाई स्पीड ट्रेनें समय के साथ आती जा रही हैं। वंदे भारत, राजधानी या तेजस जैसी ट्रेनों की स्पीड तो तेज है ही, मगर इसी के साथ बुलेट ट्रेन भी आने वाली हैं। चीन और जापान जैसे देशों में तो कई गुना तेज ट्रेन भी चलती हैं जिनमें बैठकर लोग सैकड़ों किलोमीटर का सफर कुछ घंटों में कर लेते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसी भी एक्सप्रेस ट्रेन है, जो इतनी धीमी है कि सिर्फ 290 किलोमीटर का सफर तय करने में वो 8 घंटे का वक्त लगाती है। इस वजह से इसे दुनिया की सबसे धीमी एक्सप्रेस ट्रेन माना जाता है।

**यह ट्रेन 36 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलती है**

एक रिपोर्ट के अनुसार स्विट्जरलैंड की ग्लेशियर एक्सप्रेस को दुनिया की सबसे धीमी एक्सप्रेस ट्रेन माना जाता है क्योंकि ये 290 किलोमीटर का सफर 8 घंटे में तय करती है। कारण ये है कि ये ट्रेन आल्प्स पर्वतमाला से हुए हुए गुजरती है। ग्लेशियर एक्सप्रेस स्विट्जरलैंड के तो कस्बे, ज़र्मैट और सेंट मॉरिट्ज़ को आपस में जोड़ती है। ये ट्रेन 36 किलोमीटर प्रति घंटे की एवरेज स्पीड से चलती है।



### ट्रेन को धीरे चलाने के पीछे हैं कई कारण

दरअसल, ग्लेशियर एक्सप्रेस ट्रेन का एकमात्र काम सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाना नहीं है। इसका उद्देश्य है यात्रियों को आल्प्स पर्वत की खूबसूरती दिखाना। इसका रूट इतना खूबसूरत है कि लोग उसे देखने के लिए इस ट्रेन से सफर करते हैं। इस वजह से वो ट्रेन में यात्रा करने पर बोर नहीं होते हैं। ट्रेन की खिड़कियां इसी वजह से काफी बड़ी-बड़ी बनाई गई हैं, जिससे लोगों को पैनारॉमिक व्यू नजर आए।

### ट्रेन में हैं अलग-अलग क्लास के कोच

खूबसूरती के अलावा ट्रेन को धीमी रफ्तार से चलाने का कारण ये भी है कि पटरियां बेहद दुर्गम स्थानों पर बिछी हैं, जहां पर तेज रफ्तार में ट्रेनों को नहीं चलाया जा सकता। कहीं रास्ते मुड़े हुए हैं तो कहीं ढलान है या चढ़ाई बहुत ज्यादा है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन की गति को धीमा ही रखा जाता है। इस 8 घंटे की यात्रा में ये ट्रेन कई घुमावदार टनल से गुजरती है। बीच में 291 ब्रिज और 91 टनल पड़ते हैं। ये सफर समुद्र तल से 6670 फीट की ऊंचाई पर होता है। इसके अलावा ग्लेशियर एक्सप्रेस नैरो गेज ट्रैक पर चलती है, जिसपर ट्रेन की स्पीड तेज नहीं की जा सकती है।


# दुनिया का सबसे नमकीन तालाब, -58 डिग्री सेल्सियस में भी नहीं जमता!

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

आप ये तो जानते होंगे कि समुद्र में नमक होता है। नमक मिलने की वजह से उनका घनत्व, नदी या तालाब की तुलना में ज्यादा होता है। पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा भी तालाब है जिसके पानी का घनत्व इतना ज्यादा है कि -58 डिग्री तक तापमान पहुंचने के बाद भी पानी नहीं जमता. यही नहीं, इसका घनत्व डेड सी से ज्यादा है। ये अनोखा तालाब अंटार्कटिका में मौजूद है।

अंटार्कटिका के मैकमुर्डोज़ ड्राय वैली में मौजूद एक तालाब, डॉन जुआन दुनिया का सबसे नमकीन पानी का स्रोत है। इसका पानी डेड सी से भी ज्यादा नमकीन है। यही कारण है कि जब तापमान -58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है, तब भी ये तालाब नहीं जमता। ये तालाब करीब 4 इंच गहरा है। ये असल में तालाब कम और बड़ा गड्ढा ज्यादा लगता है। पर इस तालाब ने वैज्ञानिकों को सालों से हैरान किया है। कारण है इसकी अनोखी संरचना। साल 1961 में वैज्ञानिकों ने इस तालाब की खोज की थी।

### अंटार्कटिका के मैकमुर्डोज़ ड्राय वैली में मौजूद है डॉन जुआन तालाब



**बेहद ठंडे तापमान में भी नहीं जमता पानी**

जिस जगह पर मौसम का तापमान -58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, उस जगह पर पानी का ये छोटा सा स्रोत नहीं जम रहा था। उसी वक्त उस तालाब की जांच की गई और पाया गया कि उस तालाब के पानी में 40 फीसदी नमक मिला है। तुलना के लिए बता दें कि डेड सी में नमक की मौजूदगी 34 पर्सेंट है। वहीं, दुनिया के तमाम महासागरों का पानी 3.5 पर्सेंट तक नमकीन है और ग्रेट सॉल्ट लेक में 5 से 26 फीसदी तक नमक है। हैरानी की बात ये है कि ये तालाब धरती की सबसे सूखी जगहों में से एक, मैकमुर्डोज ड्राय वैली में है।

### कैसे भरता है तालाब में नमकीन पानी?

इस जगह के आसपास के तालाब ठंड में जम जाते हैं और उनके ऊपर मोटी बर्फ जम जाती है। पर डॉन जुआन पॉन्ड शायद ही कभी जमता होगा। इसका कारण है कि इसमें बहुत ज्यादा मात्रा में कैल्शियम क्लोराइड सॉल्ट है जो पानी के फ्रीजिंग पॉइंट को नीचे कर देता है और बर्फ नहीं जमने देता। सालों तक वैज्ञानिकों को यही लगता रहा कि ये तालाब ग्राउंडवॉटर से भरा है, जो नीचे आ रहा है। पर 10 साल पहले ब्राउन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने खोजा कि ये नमकीन पानी अधिकतर हवा से आता है। उन्होंने कैमरे लगाकर ये दिखाया कि मिट्टी में जो नमक मौजूद है, वो हवा से नमी को सोखता है। इस प्रोसेस को तरलीकरण कहते हैं। ये नमकीन पानी फिर धीरे-धीरे तालाब में जाने लगता है और पिघली हुई बर्फ के साथ मिल जाता है। सबसे रोचक बात ये भी है कि वैज्ञानिकों को इतनी दुर्गम स्थिति में भी जीव-जंतुओं के सबूत मिले हैं।




# 30 लाख कुत्तों को मौत के घाट उतारने वाला है ये देश!

**रबात।** 2030 में फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन स्पेन, पुर्तगाल और मोरोक्को को संयुक्त रूप से करना है। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। लेकिन, इस बीच अब खबर आ रही है कि इसकी तैयारी के लिए मोरोक्को ने तीस लाख आवारा कुत्तों को मारने का फैसला किया है। 2030 फीफा वर्ल्ड कप का संयुक्त आयोजन स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को कर रहे हैं। फीफा ने अक्टूबर 2023 में इसकी घोषणा की थी और दिसंबर 2024 में इसे अंतिम मंजूरी मिली थी। टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन मोरक्को में एक चौंकाने वाली और क्रूर खबर सामने आई है। देश में अनुमानित 30 लाख (3 मिलियन) आवारा कुत्तों को मारने का प्लान चल रहा है, ताकि वर्ल्ड कप के दौरान शहर साफ-सुथरे और पर्यटकों के लिए सुरक्षित दिखे। पशु अधिकार संगठनों और अन्य ने आरोप लगाया है कि मोरक्को सरकार ने कुत्तों की सामूहिक हत्या शुरू कर दी है।



### पार हो रही क्रूरता की हदें

देश पर आरोप है कि वो बेहद क्रूरता से कुत्तों को मार रहे हैं। ये तरीके बेहद क्रूर हैं, जिसमें जहर (स्ट्रिक्नाइन) खाने में मिलाकर या इंजेक्शन देकर, बंदूकों से गोली मारकर, नेक क्लैंप से पकड़कर ट्रकों में भरकर, फिर फेक डिस्पेंसरी में ले जाकर जिंदा जलाना या मास ग्रेव में फेंकना शामिल है। कई कुत्ते घायल होकर तड़पते रहते हैं, चीखते हैं, लेकिन मौत धीमी आती है।

### कुत्तों से परेशान है देश

मोरक्को में हर साल करीब 3 लाख कुत्ते मारे जाते थे, लेकिन वर्ल्ड कप की वजह से यह संख्या बढ़ गई है। शहरों जैसे माराकेश, फेज, इफ्रेन में क्लीन-अप अभियान चल रहा है। इफ्रेन के टूरिज्म काउंसिल प्रेसिडेंट ने बताया कि वर्ल्ड कप के लिए सड़कों से कुत्तों को हटाया जा रहा है। हर साल 1 लाख कुत्ते के काटने की घटनाएं होती हैं। लेकिन ,पशु अधिकारियों का कहना है कि कटाई लंबे समय तक समस्या हल नहीं करती।

**वर्ल्ड कप से पहले कर रहा तैयारी, दिखाना चाहता है साफ चेहरा**

### सरकार का इंकार

वहीं, इसे लेकर मोरक्को सरकार और एम्बेसी ने आरोपों से इंकार किया है। लंदन एम्बेसी ने कहा कि देश ह्यूमेन एनिमल मैनेजमेंट के लिए प्रतिबद्ध है और कटाई पर बैन है। लेकिन, पशु संगठनों ने 91-पेज का डोजियर फीफा को सौंपा है, जिसमें फोटो, गवाही और सबूत हैं। पेटा ने प्रोटेस्ट किया और मैच में घुसकर पोस्टर दिखाए। मार्क रफालो जैसे सेलेब्रिटी ने भी सोशल मीडिया पर कैंपेन को सपोर्ट किया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com